आज का मौसम सूर्योदय 6:08 सूर्यास्त 6:12 | 50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

तापमान अधिकतम 27.2 न्यूनतम 23.2 | वर्ष-50 | अंक-266 | सोमवार 26 सितम्बर, 2022 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

लोग भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ कर महंगाई से मुक्ति के लिये संघर्ष कर रहे हैं : राहुल गाँधी

मुसाफिर हूं यारो यही है मैंने ठाना...
मुझे चलते जाना.....

पुल तोड़ते हुए चंद सैकेंड में पानी में समा गयी जेसीबी मशीन

➲जानसठ रोड पर चितौड़ा के निकट गंग नहर के पुराने पुल पर हुआ हादसा
➲हाईवे चौड़ा करने के लिएसौ साल पुराने पुल को तोड़ रही थी जेसीबी
➲पुल के ढहने से जेसीबी भी नहर में गिरी, बाल-बाल बचा जेसीबी चालक

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। लंबे समय तक खतरा बना रहने के बाद सिखेड़ा थाना क्षेत्र में चितौडा गांव के पास पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनहर पर बने पुराने पुल को तोड़ते समय उस समय बड़ा हादसा होने से हड़कंप मच गया जब पुल तोड़ रही जेसीबी मशीन पुल का बड़ा हिस्सा ढह जाने के बाद गंगनहर में जा गिरी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। अचानक हुए हादसे के बाद चालक ने जेसीबी से छलांग लगा दी और किसी प्रकार नहर से बाहर निकला।

गौरतलब है कि गंगनहर पर सौ साल से अधिक पुराना अंग्रेजी राज का बना पुल काफी समय पूर्व जर्जर हो गया था। इसके बाद इसके बराबर में नया पुल बना दिया गया था। अब इस सड़क के राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित होने और फोर लेन बनने के बाद सरकार द्वारा गंगनहर पर नये पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। पुराने पुलों की मियाद खत्म होने पर उन्हें तोड़ा जा रहा है। बताया गया कि आज शाम सिखेड़ा क्षेत्र में पुराने पुल को तोड़ रही जेसीबी पुल टूट जाने के चलते गंगनहर में गिर गई। अचानक पुल के काफी हिस्से के ढह जाने के बाद जेसीबी चंद सेकेंड में ही नहर के पानी में समा गई। इसके बाद उसके चालक ने जेसीबी से छलांग लगाकर खुद को बचाया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर में गिरी जेसीबी को बाहर निकलवाने के प्रयास शुरू कर दिये। नए पुल पर खड़े कुछ लोग इस पुल को ध्वस्त करने की वीडियो बना रहे थे। नहर में गिरी जेसीबी मशीन के ड्राइवर का नाम राकेश यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी ग्राम डुमरी थाना माझी जिला सारन बिहार बताया गया है। जेसीबी नहर में पड़ी है कोई जनहानि नहीं हुई मौके पर शांति है। बड़ा सवाल यह है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने बरसात के बाद भी आखिर पुराने पुल को तोड़ने की जहमत क्यों उठाई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मौजूदा हालात में चालक को पहले ही मना किया गया था कि यह पुल बेहद ही कच्चा है, तो वहीं दूसरी तरफ अभी बरसात हो रही है, एक-दो दिन बाद इसको तोड़ दिया जाए। चालक ने कम्पनी के अधिकारियों को भी यह बात कही थी, लेकिन कंपनी अधिकारियों के दबाव में चालक की किसी ने एक नहीं सुनी। पुल काफी पुराना और जर्जर होने के कारण जब एक हिस्से पर खड़ी जेसीबी से इसे तोड़ा जा रहा था, तो वह हिस्सा भी अचानक ढह गया, जिस पर जेसीबी खड़ी थी। अचानक जेसीबी समेत पुल भरभरा कर गंग नहर में समा गया। पुराना डाट का पुल टूट कर गंग नहर में गिरा तो वही जेसीबी भी पुल टूटते ही

शेष : पृष्ठ ४ पर

मांदुर्गाकी पहली शक्ति
// शैलपुत्री //

वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।
मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती है।

शेष : पृष्ठ ४ पर

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बुढ़ाना, 25 सितंबर (बु.)। रविवार की देर रात एक अज्ञात पिकअप चालक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाकर पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान घटनास्थल पर पूर्व विधायक भी आए और उन्होंने पुलिस से घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर पुलिस चौकी के ठीक सामने रविवार की देर रात एक बाइक सवार बुढ़ाना की ओर से शाहपुर की ओर जा रहा था। तब यहीं पर तेज गति से विपरीत दिशा से आ रही पिकअप गाड़ी की जोरदार टक्कर बाइक से हो गई, जिसमें बाइक चालक मौके पर ही गिर गया, जबकि पिकअप चालक पिकअप सहित फरार होने में कामयाब हो गया। घटना होते ही पुलिस ने तुरंत युवक को हस्पताल भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की कोई शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक के हाथ पर अजय नाम लिखा हुआ था। मौके पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक भी पहुंचे और उन्होंने उमरपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों से घटना की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने के दौरान मृतक अजय को गांव कुरालसी का बताया गया है।

घरों में सांझी की स्थापना के साथ नवरात्र की तैयारी

➲बाजारों में जमकर हुई देवी प्रतिमाओं व पूजा सामग्री की खरीदारी

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। पितृ पक्ष के बीतने के बाद अब शारदेय नवरात्र के चलते मंदिर सज चुके हैं। वहां नौ दिन के अनुष्ठान के साथ घरों में सांझी के रूप में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना का काम आज पितृ विसर्जनी अमावस्या पर किया गया। घरों में सांझी की प्रतिमा के रूप में नौ दिन मां की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद इन प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

नवरात्र के लिए आज तैयारियां पूरे जोरों पर रही। इसके चलते अमावस्या पूजन के बाद महिलाएं बाजार में निकलीं और नवरात्र में पूजन और व्रतादि के लिए सामग्री की खरीदारी को बाजारों में जोर रहा। शहर में शिवचौक और आसपास के बाजारों से लेकर तमाम बाजारों और गली मुहल्लों तक में पूजा सामग्री और देवी प्रतिमाओं की दुकानें सजी थीं। वहां दोपहर बाद से खरीदारों की भीड़ जुटी रही। नई मंडी और गांधी कॉलोनी के बाजारों में भी नवरात्र की खरीदारी का जोर चला। मां के भक्तों ने पूजा के दौरान माता को चढ़ाई जाने वाली लाल रंग की चुनरी, माला व कलश के लिए नारियल और पूजा सामग्री की जमकर खरीददारी की। बाजार में आकार के हिसाब से 50 से लेकर 150 रुपये तक की प्रतिमाएं उपलब्ध रहीं। सांझी के भाई, तोते, टिकडी आदि की भी जबरदस्त मांग रही। इसके अलावा बाजार में लाल और सजावटी चुनरी 10 से लेकर तीन सौ रुपये तक में मिली। पूजा के सराही और रंग-बिरंगे दीपक भी जमकर खरीदे गए। परंपरा के अनुसार इस त्यौहार पर केवल मिट्टी से बने सामान की खरीदारी होती है। हालांकि तमाम चीजों की कीमत इस बार पहले से ज्यादा रही।

शेष : पृष्ठ ४ पर

हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, ये है कलश स्थापना का मुहूर्त

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस बार माता हाथी पर बैठकर आएंगी और हाथी पर सवार होकर ही विदा होंगी। जब माता दुर्गा का आगमन पृथ्वी पर हाथी के साथ होता है, यह शुभ संकेत माना जाता है। शास्त्रों में हाथी को बुद्धि, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक कहा गया है। नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा का प्रावधान है। 26 सितंबर को सुबह 03 बजकर 22 मिनट पर प्रतिपदा आएगी और 27 सितंबर को सुबह 03 बजकर 09 मिनट तक रहेंगी। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार 26 सितंबर को कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 11 मिनट से शुरू होकर सुबह 07 बजकर 51 मिनट तक ही रहेगा। दूसरा शुभ मुहूर्त अभिजीत होगा जो सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर 12 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। सोमवार को दुर्गा महाअष्टमी पूजा प्रातः 4.00 अपरान्ह तक होगी। महाअष्टमी को ही संधि पूजा 3.36 दोपहर को प्रारंभ होकर दोपहर 4.24 पर होगी। मंगलवार को महानवमी पूजा 1.34 मध्यान्ह तक होगी।

नवरात्र के आहार पर भी पड़ी महंगाई की मार

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। नवरात्र के उपवास पर भी इस बार महंगाई की मार है। बढ़ती कीमतों की वजह से फलाहार लोगों की पहुंच से दूर हो गया है। फलों में सेव जरूर कुछ सस्ता है, लेकिन बाकी फलों की स्थिति खराब है। अमरूद तक अस्सी रुपये किलो है। नवरात्र शुरु होते ही फलों और फलाहारी चीजों में महंगाई का तड़का लग गया है। नौ दिन का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को इस बार अपनी जेब ज्यादा ही ढीली करनी पड़ेगी। व्रत में खाई जानी वाली तमाम चीजों के दाम तेजी से बढ़ी हैं। कुट्टू का आटा, साबूदाना, मूंगफली, सिंघाड़े के आटे व मेवे समेत अन्य वस्तुओं के भाव में उछाल आया है। वही फलों के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। पिछले साल की तुलना में तो इस वर्ष काफी इजाफा हो गया है। इस महंगाई का कारण दुकानदार और फल व्यवसायी मौसम की मार के कारण फसलों का नुकसान होना बता रहे हैं। लेकिन, इसकी आड़ में कुछ दुकानदारों ने अन्य खाद्य सामग्रियों के दाम भी बढ़ा दिए हैं। मंडी में थोक के भाव में बिकने वाले आलू के दाम भी फुटकर में पचीस से तीस वसूले जा रहे हैं। मूंगफली की गिरी जो 10 दिन पहले 90 रुपये किलो थी, अब इसकी कीमत 110 रुपये पहुंच गई है। मखाना 500 से 600 रुपये, छुहारे 180 से 200, किशमिश का भाव 280 रुपये से बढ़कर 300 रुपये हो गया है। कुट्टू का आटा 170 से 200 रुपये और सिंघाड़े का आटा 170 से 200 रुपये किलो हो गया है। सामक के चावल 140 रुपये से बढ़कर 180 रुपये तक बिक रहा है। देसी घी साढे चार सौ और इससे भी अधिक दाम में मिल रहा है। जो काजू और महंगाई पर भी महंगाई की मार है। पैक दही के दाम नब्बे रुपये किलो हुए तो खुले में भी दही इसी भाव में बेची जा रही है। दूध पैक 53 रुपये है। ऐसे में महंगाई के दौर में चौलाई के लड्डू और पेठे की मिठाई भी खासी महंगी है।

मुजफ्फरनगर में लगेगी पहली वाइनरी

➲वाइनरी इकाई की स्थापना के लिए शासन ने दी अनुमति
➲ 4.76 लाख हेक्टयर क्षेत्रफल में होती हैं, फलों की खेती
➲कुल उत्पादन का केवल 60 प्रतिशत होता है उपयोग
➲बचे हुए 42.16 लाख टन फल से होगा वाइन उत्पादन

लखनऊ, 25 सितंबर (वार्ता)। शासन ने एक नई वाइनरीज उद्योग की स्थापना को अनुमति दे दी है। यह नई वाइनरी कंपनी मुजफ्फरनगर में खुलेगी। इसमें 10,000 ली. प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता शराब बनाने की होगी। इस संबंध में बताया गया है कि इससे किसानों को काफी फायदा होगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, आबकारी. उ.प्र. संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 4.76 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल पर फलों की खेती की जाती हैं तथा फल उत्पादकों द्वारा 105.41 लाख टन फलों का उत्पादन प्रतिवर्ष किया जाता है। इन उत्पादित फलों में से 60 प्रतिशत फलों का सदुपयोग हो जाता है, जबकि 40 प्रतिशत लगभग 42.15 लाख टन फल सदुपयोग होने से बच जाता है। इस प्रकार प्रदेश में खपत से बचे हुए फलों की कीमत लगभग 4.216.40 करोड़ रुपये होती है। वाइनरी उद्योग की स्थापना से बचे हुए फलों का सदुपयोग किया जा सकेगा, जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी, रोजगार सृजन के अवसर प्राप्त होंगे तथा सरकार के राजस्व में इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि वाइनरी उद्योग की स्थापना में लागत एवं भूमि का क्षेत्रफल वाइनरी के प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता के अनुसार अलग-अलग होती है। इसमें 10,000 लीटर प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता वाले वाइनरी के लिए मशीनरी की स्थापना 2.0 से 2.5 करोड़ रुपये की लागत में किया जा सकेगा। वाइनरी उद्योग में किसानों को फलों के शत प्रतिशत उपभोग से उनकी आय में काफी वृद्धि करने में मदद मिलेगी। छोटे उद्योगों के रूप में पल्प इंडस्ट्रीज लगाये जाने पर जोर देते हुए यह भी बताया गया कि इण्डस्ट्रीज बहुत कम लागत में और कम जगह में लगाया जा सकेगा। छोटे किसान भी इस उद्योग को लगाने में आगे आयेंगे।

मुकुल रोहतगी ने अटॉर्नी जनरल बनने के प्रस्ताव को ठुकराया

नई दिल्ली । देश के जाने-माने और सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने भारत के लिए अटॉर्नी जनरल के रूप में नियुक्त होने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। उन्होंने प्रस्ताव को ठुकराने के पीछे कोई विशेष कारण नहीं बताया है। भारत के वर्तमान अटर्नी जनरल के के वेणुगोपाल हैं। औपचारिक रूप से 30 जून 2017 से अपना पद ग्रहण किया था और उनका कार्यकाल 3 साल का था। बीच में उनके कार्यकाल को फिर से आगे बढ़ा दिया गया था, लेकिन अब वो इसे छोड़ने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं।

बिजली चोरी से चल रहे 400 मदरसों और मस्जिदों को नोटिस

रामपुर, 25 सितम्बर (वार्ता)। यूपी के 400 से ज्यादा मस्जिदें और मदरसे बिना कनेक्शन के ही बिजली से रोशन हो रहे हैं। इन पर अब बिजली विभाग की नजर टेढ़ी हो गई है। बिजली विभाग ने ऐसे सभी मस्जिदों और मदरसों के जिम्मेदार लोगों को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के भीतर बिजली कनेक्शन लेने को कहा है। साथ ही साफ किया है कि इसके बाद भी कोई कनेक्शन नहीं लेगा तो फिर चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग ने जोरदार तरीके से अभियान चला रखा है। बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने भी बिजली विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए बकाएदारों से वसूली से लेकर हर हाल में बिजली चोरी रोकने को कहा गया है। इस आदेश के बाद खलबली मची हुई है। इस बीच अब बिजली विभाग की नजर शहर की मस्जिदों व मदरसों पर टिक गई है। रामपुर में ज्यादातर मस्जिदों और मदरसों में बिजली का कनेक्शन ही नहीं है। बिना कनेक्शन के इस्तेमाल हो रही बिजली से एसी तक चलाए जा रहे हैं। बिजली विभाग इन सभी मस्जिदों और मदरसों में कनेक्शन देने की तैयारी कर रहा है। बिजली विभाग ने फिलहाल मस्जिदों और मदरसों के जिम्मेदारों से अपील की है कि वह सप्ताह भर के भीतर कनेक्शन करा लें और किसी भी दिक्कत से बचें।

जय अग्रजन | श्री अग्रसेन जयते | जय भारत

स्नेह निमन्त्रण

महाराजा अग्रसेन जयन्ती की हार्दिक शुभकामनाएं

मंगलवार, 27 सितम्बर 2022, संवत् 2079

श्रद्धेय अग्रबन्धु,

आपको प्रफुल्लित मन से अवगत कराते हैं कि सभी अग्रबन्धुओं द्वारा अग्रकुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन जयन्ती समारोह का भव्य आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन पर बड़े हर्षोल्लास से किया जा रहा है।

आप सपरिवार, अग्रबन्धुओं व ईष्ट मित्रों सहित कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं अपनी गौरवमयी उपस्थिति से हमें अनुग्रहीत करें।

!! श्री गणेशाय नमः !!

: कार्यक्रम :

हवन पूजन अर्चना ..... प्रातः 9:00 बजे

मुख्य यजमान :
श्रीमती सुमन लता गोयल – श्री सतीश चन्द्र गोयल
श्रीमती अमिता स्वरूप बंसल, श्री सौरभ स्वरूप बंसल (बन्टी) स्वरूप कास्टिंग
श्री राकेश बिन्दल (एम.डी. बिन्दल ग्रुप), श्री महेश जिन्दल, श्री अजय कुमार मित्तल (जय माँ वैष्णव लोहा प्रा.लि.)
श्री रमेश गुप्ता जी (बुकेमेन), सी.ए. श्री अजय कुमार अग्रवाल जी (उपाध्यक्ष), श्री राजेश गोयल जी (किरण सिटी)
श्री पवन कुमार गोयल (लिबर्टी वाले), श्री मनोज गर्ग जी (चरथावल वाले), श्री मयंक सिंहल (इंजीनियर)

दीप प्रज्जवलन ..... प्रातः 11:00 बजे

समारोह अध्यक्ष : श्री रविन्द्र सिंघल जी (स्वास्तिक पेस्टीसाईड्स)

मुख्य अतिथि :
माननीय श्री कपिलदेव अग्रवाल जी (राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उ.प्र. सरकार)
माननीय श्री दिनेश गोयल जी (सदस्य विधान परिषद, मेरठ-सहारनपुर खण्ड)
(चेयरमैन राजकुमार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, गाजियाबाद)

-: विशिष्ट अतिथि :-
श्री सोमांश प्रकाश जी (पूर्व विधायक)
श्री अशोक कंसल जी (पूर्व विधायक)
श्री गौरव स्वरूप बंसल जी (उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता)
श्री मुकेश गोयल जी (एम.डी. कोन क्राफ्ट प्रा.लि.)
श्री निधीश प्रकाश जी (एम.डी. टिकौला शुगर मिल)
श्री नरेन्द्र गोयल जी (दुर्गा इस्पात)
श्री राजकुमार तायल जी (एम.डी. शिवा कैमिकल)
श्री आकाश कुमार जी (श्री बालाजी स्टील)

-: स्वागत समिति :-
श्री अजय तायल, श्री उपेन्द्र बंसल, श्री मित्तल सैन अग्रवाल, श्री पदम बंसल, श्री तेजराज गुप्ता, श्री विनय कुच्छल, श्री देवेन्द्र गर्ग जी (बिन्दिया साड़ी वाले), श्री आशुतोष कुच्छल (बाबा बार एण्ड एंगल)

निवेदक :- अध्यक्ष : सत्य प्रकाश मित्तल | सचिव : प्रदीप कुमार गोयल | प्रबन्धक : पुरूषोत्तम कुमार सिंहल
उपाध्यक्ष : सी.ए. अजय अग्रवाल | कोषाध्यक्ष : योगेन्द्र कुमार मित्तल

कार्यक्रम संयोजक :- श्री योगेश कुमार सिंघल जी (मुख्य संयोजक) | श्री अजय कुमार सिंघल जी (सह संयोजक) | श्री राजीव सिंघल जी (मंच संचालक)

महाराजा अग्रसेन भवन, महाराजा अग्रसेन मार्ग, निकट ए-टू-जेड कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

इस सप्ताह का राशिफल
26 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता अंकविज्ञानवेत्ता
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन,
भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो. : 09335414722

चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ — नक्षत्र अश्वनी भरणी कृत्तिका, चरण 1234 1234 1

मेषः–सप्ताह में 26 से 29 सितम्बर की रात्रि 11/24 बजे तक समस्यायें सुलझने को होंगी। आर्थिक व व्यावसायिक लाभ का सिलसिला रहेगा। धार्मिक कृत्यों में रुचि बढ़ेगी। अभिलाषा की पूर्ति होगी। व्यापार में धन निवेश होगा। परिस्थितियों में क्रमिक सुधार होगा। आपसी संबंधों में मधुरता रहेगी। किसी के माध्यम से कुछेक योजनायें क्रियान्वित होगी। हर्ष भी होगा। संभावित यात्रा संतोषजनक होगी। तत्पश्चात् 1 अक्टूबर तक समय असंतोषजनक रहेगा। बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा आयेगी। राजकीय पक्ष से कष्ट होगा।

ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो — नक्षत्र कृत्तिका रोहणी मृगशिरा, चरण 234 1234 122

वृषभः–सप्ताह में 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक समय सफलताकारक रहेगा। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त होगा। धन सम्पत्ति विषयक मसला हल होने को होगा। आरोग्य सुख की प्राप्ति होगी। आपकी सलाह दूसरों के काम आयेगी। किसी वाद विवाद का समापन पक्ष में संभव है। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। व्यक्तिगत परेशानी कम होगी। परोपकार की दिशा में कुछ अधिक ही रुचि लेंगे। पूँजी का प्रतिफल प्राप्त होगा। मनोकामना पूरी होने को होगी। नवउत्तरदायित्व का निर्वाह करना पड़ेगा। व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल रहेगा। कार्यों में निराशा का सामना करना पड़ेगा।

का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा — नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुनर्वसु, चरण 34 1234 12 3

मिथुन–सप्ताह में 26 से 27 सितम्बर की सायं 6/19 बजे तक समय विपरीत रहेगा। विशेष परिश्रम के बावजूद प्रगति में संशय रहेगा। शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। धन हानि की आशंका रहेगी। जीवन साथी से असहयोग होगा। कार्य व्यवसाय में निराशा रहेगी। शेष 2 अक्टूबर तक अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक होगा। भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम बनेंगे। नौकरी में पदोन्नति या स्थानान्तरण हेतु विषयक मसला पक्ष में सुलझने को होगा। मनोकूल कार्यों में सफलता मिलेगी। आत्मबल में वृद्धि होगी। मित्रों-प्रियजनों सुपरिचितों के माध्यम से किसी योजना की पूर्ति हेतु विचार-विनिमय होगा।

ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो — नक्षत्र पुनर्वसु पुष्य आश्लेषा, चरण 4 1234 1234

कर्कः–सप्ताह में 26 से 27 सितम्बर की सायं 6/19 बजे तक समय शुभफल प्रभावी रहेगा। स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर रहेगा। विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला बनेगा। राजनीतिक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि रहेगी। लाभ का पर्याप्त अवसर मिलेगा। संत समागम भी होगा। तदुपरान्त 29 की रात्रि 11/24 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मानसिक अशान्ति रहेगी। सुख-सुविधा में कमी का एहसास रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मतभेद उपस्थित होगा। विचारों में उग्रता रहेगी। धनागम में बाधा आयेगी। शेष 2 अक्टूबर तक आर्थिक लाभ होगा। धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत होगी। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। आकस्मिक व्यय होगा।

मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, ट — नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा., चरण 1234 1234 1

सिंहः–सप्ताह में 26 से 29 सितम्बर की रात्रि 11/24 बजे तक कठिनाइयों का निराकरण होगा। इच्छाशक्ति का विकास होगा। व्यावसायिक प्रगति होगी। श्रेष्ठजनों से सम्पर्क बनेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। पारिवारिक मतभेद में कमी आयेगी। पुराने विवाद के समापन में मित्र सहायक होंगे। आपसी तालमेल से कार्य सिद्ध होगा। कठिनाइयों के निवारण का मार्ग प्रशस्त होगा। किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त होगा। संभावित यात्रा सुखद होगी। तदुपरान्त 1 अक्टूबर तक आशा के विपरीत घटनाएँ घटित होंगी। आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम की स्थिति रहेगी। आत्मीयजनों से वैमनस्यता रहेगी। विचारों में उग्रता रहेगी। स्पष्टवादिता आपके लिए घातक सिद्ध होगा।

टो, पा, पी, पू, प, ण, ठ, पे, पो — नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा, चरण 234 1234 12

कन्याः–सप्ताह में 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में अनुकूलता की स्थिति बनेगी। व्यापार उन्नतिकारक रहेगा। किसी के माध्यम से बकाये धन की प्राप्ति होगी। आपसी तालमेल से सुख शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। ज्ञान-विज्ञान की ओर रुझान रहेगा। शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शान्ति मिलेगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन शान्तिपूर्ण रहेगा। कुछेक समस्याओं का सन्तोषजनक समाधान होगा। यात्रा संतोषजनक होगी। घरेलू वातावरण में सुखी व उल्लासमय रहेगा। भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त होगा। व्यापार में धन निवेश होगा। व्यावसायिक समस्यायें सुलझेंगी। 2 अक्टूबर को दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी।

रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, त — नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा, चरण 34 1234 123

तुलाः–सप्ताह में 26 से 27 सितम्बर की सायं 6/19 बजे तक निराशा रहेगी। आत्मविश्वास के अभाव में कार्य बिगड़ेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। शेष 2 अक्टूबर तक उन्नति का सुअवसर मिलेगा। अधूरी या नवयोजना की पूर्ति हेतु स्वजनों परिजनों मित्रों से सहयोग की प्राप्ति होगी। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आयेगी। सामयिक लाभ होगा। राजकीय पक्ष से अनुकूलता मिलेगी। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। इच्छित पद की प्राप्ति होगी। शत्रु की हानि पहुँचाने की कोशिश असफल होगी। राजनीतिक सामाजिक क्रिया-कलापों में रुचि लेंगे। सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता होगी।



तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू — नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा, चरण 4 1234 1234

वृश्चिकः–सप्ताह में 26 से 27 सितम्बर की सायं 6/19 बजे समय संतोषजनक रहेगा। विविधि पक्षों में अनुकूलता मिलेगी। पूँजी का प्रतिफल प्राप्त होने को होगा। राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि रहेगी। वरिष्ठजनों की सलाह समय पर काम आयेगी। व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित होगी। तदनन्तर 29 की रात्रि 11/24 बजे तक दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। सुख शान्ति में कमी रहेगी। कार्यों के प्रति उदासीनता रहेगी। अनावश्यक भ्रमण होगा। पुरुषार्थ के प्रति अरुचि रहेगी। शेष 2 अक्टूबर तक समय पर निजी जरूरतें पूरी हो जायेगी। प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय पायेंगे। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। युक्ति से कार्य बनेंगे।

ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, ढ़े — नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा., चरण 1234 1234 1

धनुः–सप्ताह में 26 से 29 सितम्बर की रात्रि 11/24 बजे तक ग्रहयोग पक्ष में रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक लाभ होगा। आरोग्य सुख मिलेगा। विरोधी पराभूत होंगे। नवयोजना साकार होने को होगी। यात्रा संतोषजनक होगी। शुभ विचारों के उदय से आत्मिक आनन्द प्राप्त होगी। आपसी सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति रहेगी। सुपरिचितों का सहयोग मिलेगा। विवादास्पद मसला सुलझने की ओर होगा। विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त होगा। तदनन्तर 1 अक्टूबर तक उलझनें प्रभावी रहेंगी। बने बनाये कार्यों में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। साझेदारी के व्यापार में हानि की आशंका रहेगी। विरोधियों से परेशान रहेंगे।

भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी — नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा, चरण 234 1234 12

मकरः–सप्ताह में 26 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता होगी। व्यापार में विस्तार या नवपरिवर्तन की योजना बनेगी। मानसिक प्रसन्नता होगी। बुद्धि चातुर्य से कुछेक समस्यायें सुलझेंगी। परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न होगा। नवीन कार्य की रूपरेखा बनेगी। यात्रा होगी। प्रसन्नता होगी। सत्संग से आत्मिक शांति मिलेगी। अकल्पित धन की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ होंगे। नवसम्पर्क उपयोगी होंगे। राजनीतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। व्यक्तित्व का विकास होगा। 2 अक्टूबर को निराशा का सामना करना पड़ेगा।

गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा — नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्र, चरण 34 1234 123

कुंभः–सप्ताह में सप्ताह में 26 से 27 सितम्बर की सायं 6/19 बजे तक उलझनें प्रभावी रहेगी। कार्य में मन नहीं लगेगा। इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें आयेंगी। व्यवसाय से असंतोष रहेगा। चोट-चपेट की संभावना रहेगी। अध्ययन में व्यतिक्रम रहेगा। पदोन्नति में व्यवधान आयेगा। दूसरों के झूठे आश्वासन मिलेंगे। शेष 2 अक्टूबर तक सफलता का सुयोग बनेगा। विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में सुख शान्ति की अनुभूति होगी। किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त होगा। व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। समस्याओं के समापन में स्वयं का निर्णय लाभकारी होगा। पारिवारिक सामाजिक कृत्यों के प्रति रुचि जागृत होगी।

दी, दू, थ, झ, भ, दे, दो, चा, ची — नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती, चरण 4 1234 1234

मीनः–सप्ताह में 26 से 27 सितम्बर की सायं 6/19 बजे समय शुभ रहेगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। जटिल समस्याओं के समाधान के लिए प्रियजनों एवं नूतन पुरातन मित्रों से विचार विनिमय होगा। मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न होंगे। भोग विलासिता की ओर रुझान रहेगा। लाभ मिलेगा। तत्पश्चात् 29 की रात्रि 11/24 बजे तक आरोग्य सुख में कमी रहेगी। धन हानि की आशंका रहेगी। विचारित कार्यों में अपूर्ण रहेंगे। बात-बात पर क्रोध आयेगा। यात्रा में असुविधा होगी। योजना अधूरी रहेगी। शेष 2 अक्टूबर तक उच्चाधिकारियों से सम्पर्क लाभदायी होगा। स्वास्थ्य सुधार पर होगा। कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुयोग बनेगा। धनोपार्जन की ओर प्रवृत्ति होगी। वाद-विवाद की स्थिति में कमी आयेगी। निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन उपलब्ध होंगे।

व्रत-त्योहार, जयंती : ◆ सोमवार, 26 सितम्बर- शारदीय नवरात्र प्रारंभ ◆ गुरुवार, 29 सितम्बर- वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी व्रत ◆ रविवार, 2 अक्टूबर- महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती।

शाहपुर में 'धनुष यज्ञ' का मनोहारी मंचन, अतुलनीय रहा लक्ष्मण परशुराम संवाद, कलाकारों के अभिनय ने सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले

शाहपुर, २५ सितंबर (बु.)। नगर में चल रहे श्रीआदर्श रामलीला महोत्सव में पांचवे दिन रंगमंच पर चित्रकूट धाम से आई मशहूर कला मंडली द्वारा धनुष यज्ञ की लीला का मनोहारी मंचन किया। रावण बाणासुर एवं लक्ष्मण परशुराम संवाद का अतुलनीय मंचन देख उपस्थित सैकड़ों नर नारी गदगद हो गए। मध्यरात्रि के बाद तक चले धनुष यज्ञ को देखने नगर एवं क्षेत्र से भारी भीड़ उमड़ी। व्यवस्था बनाने में कमेटी एवं पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। नगर के मेन बाजार स्थित श्रीरामलीला मैदान में श्री आदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में रंगमंच पर माता सीता के शिव धनुष के पूजन एवं गोरा पूजन के दृश्य ने मंत्रमुग्ध कर दिया। फुलवारी लीला का भी सुंदर मंचन किया गया। इसके बाद सीता स्वयंवर का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न देशों के राजाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लंकापति रावण भी स्वयंवर में पहुंचता है, जहां द्वार पर खड़े बाणासुर से उसका सामना हो जाता है। दोनों का संवाद अद्भुत था, जिसके बाद रावण शिव धनुष को खंडन करने के लिए आगे बढ़ता है, तो आकाशवाणी हो जाती है, जिस कारण वह वापस लौट जाता है। वापस लौटने से पूर्व रावण भगवान राम को अपने पास बुलाकर उनके मस्तक की रेखा को पढ़ता है। प्रकांड पंडित रावण कहता है

"हे राम तुम्हारी बायी भृकुटी पर पिता मरण वनवास लिखा और तुम्हारी दायी भृकुटी पर इस रावण का सत्यानाश लिखा"

रावण के लंका को प्रस्थान करने के बाद एक-एक कर महाबली राजा शिव धनुष को तोड़ने के लिए आगे बढ़ते हैं, लेकिन तोड़ना तो दूर वह उसे हिला भी नहीं पाते। सभी को हारता होते देख राजा जनक व्याकुल हो उठते हैं और बोलते हैं

"हे देश देश के राजागणों हम किसे कहें बलशाली है हमने तो अभी है जान लिया पृथ्वी वीरों से खाली है"।

राजा जनक जी के बोल लक्ष्मण जी को चुभ जाते हैं और वह भरी सभा में कहते हैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के होते राजा जनक को ऐसे वक्तव्य नहीं देने चाहिए थे। मुनि विश्वामित्र के कहने पर भगवान राम शिव धनुष का खंडन कर देते हैं। शिव धनुष टूटते ही संपूर्ण वातावरण करतल ध्वनियों से गूंज उठता है। इस दौरान वरमाला के सुंदर प्रसंग को सुनकर उपस्थित नर नारी मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में परशुराम जी का मंच पर पदार्पण होता है। गुस्साए परशुराम राजा जनक से पूछते हैं

"राजा जनक जल्दी बतला ये धनुवा किसने तोड़ा है, किसने इस भरे स्वयंवर में सीता से नाता जोड़ा है,"

इस पर भगवान राम उठते हैं और कहते हैं "शिव धनुष तोड़ने वाला कोई शिव का प्यारा ही होगा, जिसने ऐसा अपराध किया वह दास तुम्हारा ही होगा"

इस पर परशुराम जी क्रोधित हो जाते हैं तो लक्ष्मण जी कहते हैं।

"जो ज्यादा मीठा होता है वह अपना नाश कराता है,

देखो तो मीठे गन्ने को कोलहू पेला जाता है।"

परशुराम लक्ष्मण संवाद के बाद भगवान राम परशुराम जी को अपनी छाती पर उनके पैरों के निशान दिखाते हैं, तब उन्हें ज्ञात होता है कि राम स्वयं विष्णु के अवतार हैं, इसके बाद उनका क्रोध शांत हो जाता है।

धनुष यज्ञ की लीला में कलाकारों के अभिनय ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुषों ने मुक्त कंठ से आयोजन की प्रशंसा की। भारी भीड़ के चलते व्यवस्था बनाने में रामलीला कमेटी एवं पुलिस बल को खासी मशक्कत करनी पड़ी। थाना प्रभारी राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुलिस बल चाक-चौबंद रहा। मंत्री मनोज अग्रवाल, प्रवेश गोयल के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमोद कर्णवाल, मुकेश मित्तल सचिन संगल, बबलू नामदेवनिशांत शर्मा अक्षय गोयल अंकित सिंघल अजय बंसल पवन सक्सेना रविंद्र सैनी विशाल करण वाल दिनेश पाल नीरज कर्ण वाल गोल्डी अनिल गोयल शिवम सिंघल प्रमोद गर्ग विनीत मित्तल नितिन मित्तल अनमोल सिघल के साथ ही हनु सिंघल कुंज मित्तल मौजूद रहे।

विधायक पंकज मलिक ने जाना घायलों का हाल

मुजफ्फरनगर, २५ सितम्बर (बुस.)। आज समाजवादी पार्टी से चरथावल विधायक पंकज मलिक द्वारा बुधवार की रात भारी वर्षा कें कारण मिमलाना रोड स्थित मकान की छत गिरने से हताहत हुए बच्चों के घायल परिजनों से जिला चिकित्सालय जाकर मिले। मृतक बच्चों के परिजनों से विस्तार से घटना के बारे में जाना। परिजनों ने बताया छत गिरने के कारण दो बच्चों को तो खोया ही है साथ ही साथ घर में जितना भी कीमती समान था, सब छत गिरने के कारण नष्ट हो गया। पंकज मलिक ने पूरी घटना सुनकर दुःख प्रकट कर परिवारजनों को ढांढस बँधाया और पीड़ित परिवारजनों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ वार्ड में एडमिट सभी मरीजों से उनका हाल जाना और कहा किसी भी प्रकार की डॉक्टरों द्वारा लापरवाही बरतने पर तुरंत उन्हें फोन करके बताएँ, ताकि उच्च अधिकारियों से संपर्क कर उपचार दिलाया जा सके। इस दौरान विधायक पंकज मलिक, जुनैद रऊफ, राज किशोर शर्मा, एहसान जमीर, युवा नेता आरिफ आदि मौजूद रहे।

शाहपुर के पलड़ी में लाखों के विकास कार्यों व चलचित्र रामायण का हुआ उद्घाटन

शाहपुर, २५ सितम्बर (बु.)। शाहपुर क्षेत्र के गांव पलड़ी में केंद्रीय राज्यमंत्री व जिला पंचायत निधि से हुए लगभग २५ लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन व पांच लाख के कार्यों का शिलान्यास के साथ चल रामायण का शुभारंभ किया गया। शाहपुर क्षेत्र के गांव पलड़ी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान व जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी ने गांव में हुए लगभग २५ लाख के विकास कार्यों सीसी रोड, खड़ंचा व सड़क का उद्घाटन व पांच लाख की लागत से बनने वाली सीसी का शिलान्यास किया। इस अवसर पर रामलीला मैदान में सीसी टेल लगवाने व एक आरओ लगवाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान गांव पलड़ी ११ दिनों तक चलने वाली चलचित्र रामायण का भी शुभारंभ किया गया, जिसका शुभारंभ नेत्र चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप चौहान ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, शाहडब्बर प्रधान नीरज राठी, धर्मेंद्र पहलवान, फैसल खान, शाबू कुरैशी, सुंदर मुनीम, कल्लू, बृजपाल सैनी, बाबूराम सैनी, संजय सैनी, मोजपाल, अमित सैनी, पंकज सैनी, जोनी सैनी, राजपाल सैनी, मास्टर जगदीश कश्यप, सागर, नीरज, अश्वनी आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का वाचन

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। नई मंडी लक्ष्मण बिहार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन कथावाचक गंगोत्री तिवारी मृदुल महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के साथ ही गोपी भाव व रूक्मणी मङ्गल का व्याख्यान कर पंडाल में बैठे श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान महाराज श्री ने कहा कि कृष्ण ने बचपन में गऊ ओर गोपी से विशेष प्रेम किया, क्योकि गऊ के रोम-रोम में देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि जो श्री कृष्ण सारे संसार को पवित्र करते हैं, उनको भी पवित्र करने की मात्र क्षमता गऊ माता में होती है। कथा व्यास गंगोत्री तिवारी मृदुल जी महाराज ने व्यास पीठ से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि पूतना वध करने के बाद बाल कृष्ण को यशोदा मां ने गऊ के पंचामृत व पंच गव्य से लाला को स्नान कराकर पवित्र किया था। श्रीमद्भागवत कथा में गोपी भाव का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने कहा कि गोपी शब्द का अर्थ ही होता है कि जो श्री कृष्ण को अपने हृदय में विराजमान करें। उन्होंने बताया कि श्री राधा साक्षात भक्ति की अवतार थी, वहीं राधा और श्री कृष्ण में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि राधा ही श्याम है, श्याम ही राधा है। उन्होंने कहा कि गोपियों को छोड़कर जब भगवान मथुरा गए तो गोपियां भगवान के वियोग में भगवान को दिन रात याद करती रहती थी। श्रीकृष्ण के कहने पर वृंदावन पहुंचे ऊधव के लाख समझाने पर भी गोपियों ने सिद्ध कर दिया कि वास्तव में प्रेम के सामने ज्ञान तुक्ष है। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में संजय वर्मा, गीता वर्मा ने पूजन कराया तथा स्वाति वर्मा, नीरू वर्मा, गुंजन वर्मा, सन्नी वर्मा, उमा शर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस बीच में श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ उठाया।

'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम को दिया बढ़ावा

मुजफ्फरनगर, २५ सितम्बर (बुस.)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा १७ सितंबर से २ अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में २३ से २५ सितंबर तक आईटीआई कॉलेज, मेरठ रोड पर उभरते हुए आत्मनिर्भर भारत की सफलता की कहानी 'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर लोगों को लोकल उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए और छोटे किसानों को बढ़ावा देने के लिए के प्रदर्शनी के समापन समारोह में अतिथि के रुप में रहना हुआ। मेरे साथ जिला मंत्री राहुल वर्मा, सुधीर खटीक, जिला उद्योग केंद्र उपयुक्त परमहंस मौर्य व उपयुक्त राजेंद्र मार्शल रहे। सभी स्टालों के सम्मानित निर्माताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

शाहपुर में विशाल रक्तदान शिविर का केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने किया शुभारंभ

शाहपुर, २५ सितम्बर (बु.)। मिशन वन्देमातरम ट्रष्ट व सेवा भारती के तत्वावधान में कस्बे के बसी रोड पर स्थित गौरव हॉस्पिटल पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है। रक्तदान कर उन लोगो के जीवन को बचाये, जिनको ब्लड की जरूरत होती है। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजकों को साधुवाद देते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन कर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में १५५८ लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का समापन पूर्व विधायक उमेश मलिक ने किया। समापन मौके पर उमेश मलिक ने भी शिविर आयोजकों को धन्यवाद दिया। गौरव हॉस्पिटल के एमडी डॉ. तेजपाल सैनी व प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी ने भी शिविर के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई व व्यवस्था बनाने में सहयोग रहा। शिविर को सफल बनाने में मिशन वन्देमातरम ट्रस्ट के संचालक दीपक पांचाल, कुलदीप कश्यप, नन्दकिशोर सैनी, मनोज सिंघल, नवीन राणा, एनपी धनगर, नीरज जोनी, सागर, राजेश गोयल, रविन्द्र कुमार, सौरभ त्यागी, कुलदीप वर्मा खुर्शीद सैफी, पम्मी धनगर, शाहडब्बर ग्राम प्रधान नीरज राठी, काकड़ा प्रधान नीरज बालियान, दुल्हेरा प्रधान अरविन्द बालियान, नगरपंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी, समाजसेवी उमेश मित्तल, डॉ. तेजपाल सैनी, डॉ. गौरव सैनी, डॉ. अनुपम सैनी, डॉ. मनीषा सैनी, योगेन्द्र पाल, जिपं. सदस्य विजय चौधरी, कुलदीप कश्यप, मंडल अध्यक्ष भाजपा एकांश त्यागी, विजय बंसल, डॉ. सतीश सैनी, डॉ. शिवकुमार सैनी, जलसिंह सैनी, चतर सैन सैनी, पूर्व प्रधान अमित त्यागी, दिनेश पाल, सचिन संगल, सुशील प्रजापत, सुनील प्रजापत, कपिल सैनी, इश्तेकार खान, साबू कुरैशी, नवीन राणा, सभासद विशाल गर्ग, उमेश गोयल, प्रतीक चौधरी मोनू, योगेश मलिक, अतुल जैन, अमित मित्तल टिंकू, अप्पू बंसल, अमन मित्तल, प्रदीप पाल, अरविन्द पाल, हरवीर प्रजापति, सौरभ मंडल अध्यक्ष भाजपा सुधीर सनी, गढ़ी बहादरपुर पूर्व प्रधान हरदेव बालियान, संजय सैनी पलड़ी, महिपाल सैनी, नीरज सैनी पलड़ी, जोनी सैनी, सागर, मोजपाल सैनी, संदीप सैनी, शिवकुमार सैनी ढिढावली, विकास सैनी ढिढावली, शिवम सैनी प्रधान ढिंढावली, प्रवेज आलम प्रधान कसेरवा, गोयला प्रधान धर्मपाल सिंह, मनीष चौधरी सोरम, तोहिद त्यागी, विकास सैनी, रितिक सैनी लैब वाले, अनुज सैनी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदि का सहयोग रहा।

परास्नातक में प्रवेश को अब बढ़ाई पंजीकरण तिथि

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय में स्नातक में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद परास्नातक एवं पाठयक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। परास्नातक एवं एमएड, एलएलएम, बीपीएड आदि सभी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अब पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर पांच अक्टूबर कर दी गई है। ऐसे में अब विश्वविद्यालय स्तर पर प्रवेश पाने के लिए छात्र-छात्राएं पांच अक्टूबर तक पंजीकरण करा सकते हैं। मां शाकुम्भरी देवी विवि ने महाविद्यालयों में स्नातक स्तर में प्रवेश की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। अब परास्नातक एवं अन्य पाठयक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विवि के प्रवेश समन्वयक डॉ. नरेश मलिक ने बताया कि परास्नातक एवं एमएड, एलएलएम, बीपीएड, एमपीएड स्तर के सभी पाठयक्रमों में वर्ष 2022-23 में प्रवेश के लिए पूर्व में ऑनलाइन पंजीकरण आठ अगस्त से प्रारंभ किए गए थे, जिसकी अंतिम तिथि 25 सितंबर निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि ऐसे में स्नातक स्तर के परीक्षा परिणाम देर से घोषित होने के कारण पंजीकरण कम हुए हैं। ऐसे में अब विवि कुलपति के आदेश पर छात्रहित में पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर पांच अक्टूबर कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे में इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि तक अपना ऑनलाइन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर समय रहते कराने के साथ ही मिली छूट का सदुपयोग आसानी से कर सकता है।

दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

मुजफ्फरनगर, २५ सितम्बर (बुस.)। आज विराट अनुराग राजवंश के निवास बूथ नं० -२७५ पर दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई, जिसमें मुख्य रूप से जिला सहकारिता बैंक चेयरमैन सत्यपाल सिंह पाल ने दीनदयाल उपाध्याय जीवन पर चर्चा करते हुए विभिन्न संघर्ष एव सपनों को साकार कर हम सभी के लिए गौरवान्वित होने का पल बताया और सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन केशव मंडल के ऊर्जावान महामंत्री नन्दकिशोर ने किया। कार्यक्रम में सर्वेश त्यागी उर्फ (पिंटू त्यागी) जिला सह संयोजक स्वच्छ भारत अभियान विभाग, विराट अनुराग राजवंश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा केशव मंडल, कुलदीप त्यागी उपाध्यक्ष युवा मोर्चा केशव मंडल, अनुज प्रधान सेक्टर सहयोजक केशव मंडल, मो. इंतजार उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा केशव मंडल, मो इस्लाम मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा केशव मंडल अन्य जन मौजूद रहे।

राम, सीता जन्म, ताड़का वध की लीला का मंचन

कांधला, 25 सितम्बर (बु.)। शनिवार को नगर की श्री रामलीला कमेटी पंजाबी धर्मशाला में भगवान श्री गणेश की आरती के पश्चात लीला मंचन कार्यक्रम शुरू किया गया। रामलीला मंचन में रामजन्म की सुंदर लीला का मंचन सर्वप्रथम प्रस्तुत किया गया, जिसमें माता कौशल्या के द्वारा भगवान श्री हरि विष्णु की आराधना कर उन्हें पुत्र रूप में प्राप्त करने का वरदान मांगती है। भगवान श्री हरि विष्णु के द्वारा माता कौशल्या को उनके पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान देते हैं, जिसके पश्चात राजा

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया

यह संगठन अपनी असामाजिक गतिविधियों के लिये चर्चाओं में है। प्रवर्तन निदेशालय ने देश के कई हिस्सों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के बाद ईडी ने पीएफआई के चार अहम सदस्यों को गिरफ्तार किया था। केरल के कोझीकोड से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के नेता मौहम्मद शफीक पायथ को भी प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ़्तार किया था। शफीक पायथ को गिरफ़्तार करने के कुछ घंटों बाद प्रवर्तन निदेशालय ने लखनऊ में एक विशेष पीएमएलए अदालत को बताया कि जांच से पता चला है कि 120 करोड़ रुपये पीएफआई और उसके सम्बंधित संस्थाओं के खातों में वर्षों से जमा किए गए थे। यह संगठन ग़ैरक़ानूनी कामों के लिए धन इकठ्ठा कर रहा था। रिमांड एप्लीकेशन में जांच अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और अन्य क़ानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा दर्ज मामलों के आधार पर पीएफआई और उससे संबंधित व्यक्तियों-संस्थाओं के ख़िलाफ़ पीएमएलए के तहत जांच कर रहा था। इसके साथ ही ईडी ने यह भी बताया कि आरोपी ने इस साल 12 जुलाई को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की पटना यात्रा के दौरान अशांति फैलाने के इरादे से एक आतंकवादी गिरोह बनाने की योजना भी बनाई थी। प्रवर्तन निदेशालय के जांच अधिकारी ने अदालत को बताया, शफीक पायथ को 22 सितंबर को सुबह 5.35 बजे कोझीकोड स्थित उनके फ्लैट से गिरफ़्तार किया गया था। ये मामले पीएफआई और उससे संबंधित व्यक्तियों-संगठनों द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने, आतंक फैलाने, साम्प्रदायिक दंगे भड़काने, विस्फोटकों और हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए अपने कैडर को प्रशिक्षण देने के इरादे से गुनाह की साजिश में शामिल होने के लिए की गई ग़ैरक़ानूनी साज़िशों से जुड़े हैं। जांच अधिकारी ने यह भी बताया कि शफीक पायथ ने एक आतंकवादी गिरोह बनाया और कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों और संवेदनशील स्थानों पर एक साथ हमले शुरू करने के लिए घातक हथियार और विस्फोटक उपकरण इकठ्ठा किया। जांच से यह भी पता चला है कि पीएफआई के सदस्य और सीएफआई के राष्ट्रीय महासचिव के ए रऊफ शरिफ ने विदेशों में पीएफआई-सीएफआई सदस्यों के साथ मिलकर एक आपराधिक साज़िश रची, ताकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित भुगतान की आड़ में विदेशों से 1.36 करोड़ रुपये का धोखाधड़ी से ट्रांसफर किया जा सके। रऊफ ने खुलासा किया कि पायथ, कतर में पीएफआई का सदस्य था और धन उसके द्वारा ट्रांसफर किया गया था, जो रऊफ और उसके सहयोगियों द्वारा प्राप्त किया गया। रऊफ के दिल्ली के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन सहित चार सहयोगी सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए हाथरस जा रहे थे और उन्हें यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। महाराष्ट्र में पीएफआई पर छापेमारी के विरोध में इसके समर्थक और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान ज़िन्दाबाद के नारे लगाए गए। पुणे भाजपा के ज़िला अध्यक्ष ने कहा, पीएफआई के विरोध के दौरान पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराने के लिए भाजपा आज पुणे के पुलिस आयुक्त अमिताभ गुप्ता से मुलाकात करेगी। चर्चाएं यह भी हैं कि इतने सबूत मिलने के बाद गृह मंत्रालय पीएफआई पर बैन लगाने की तैयारी कर रहा है।बैन लगाने के पहले गृह मंत्रालय के अधिकारी पूरी तैयारी कर लेना चाहते हैं, ताकि अगर बैन को चुनौती दी जाए, तो उनका पक्ष कमजोर ना पड़े। छापेमारी के तुरंत बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और एनआईए चीफ से मीटिंग भी की थी। इसमें पीएफआई के खिलाफ जुटाए गए तथ्यों की समीक्षा और आगे की कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। पीएफआई को बैन करने से पहले गृह मंत्रालय कानूनी सलाह भी ले रहा है, ताकि जब इस मामले में सम्बंधित पक्ष अदालत में जाए तो सरकार की तैयारी पूरी हो। ऐसा इसलिए भी किया जा रहा है, क्योंकि साल 2008 में सिमी पर लगे प्रतिबंध को केन्द्र सरकार को हटाना पड़ा था। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट के जरिए उसे फिर प्रतिबंधित कर दिया गया। जब भी पीएफआई का नाम किसी मामले में आता है, तो इस बात पर चर्चा ज़रूरी होती है कि अगर इस पर कई आरोप हैं, तो फिर इस संगठन पर बैन लगाने में इतना वक़्त क्यों लग रहा है? आखिर वो कौन सी रुकावटें हैं? अलग-अलग एजेंसियां कई सालों से पीएफआई के खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाने में लगी थी।गृह मंत्रालय की तरफ से निर्देश दिए गए थे, कि पीएफआई संगठन की कोई भी कड़ी को न छोड़ा जाए। एनआईए की जांच आपराधिक संगठन की ग़ैरक़ानूनी गतिविधियों पर केंद्रित थी, तो वहीं ईडी उनके वित्त के स्रोत का पता लगाने में अब पूरी तरह सफल रहा है। इस समय भारत आतंकवाद को लेकर बहुत गंभीर है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77 वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही दोनों देशों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके लिए भारत जल्द जी-20 और आतंकवाद से निपटने वाली कमेटी की अध्यक्षता करने जा रहा है। उन्होंने कहा, कोई भी बयानबाजी करके अपनी करतूत नहीं छुपा सकता है। उनका ये बयान पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री के 'आर्टिकल 370' पर दिए गए बयान के बाद सामने आया। पाकिस्तान के पीएम शाहबाज ने कहा था, जम्मू कश्मीर को हिन्दू टेरेटरी बनाने की साज़िश हो रही है। एस जयशंकर ने कहा, हमें आतंकवाद बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद फैलाने और आतंकियों को पनाह देने वाले देशों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने अपने 16 मिनट तक दिए भाषण की शुरुआत करते हुए कहा, मैं दुनिया के सबसे बड़े डेमोक्रेटिक देश से 1.3 बिलियन लोगों की शुभकामनाएं लेकर आया हूँ। भारत आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह नया भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में अपने विकास को लेकर प्रतिबद्ध है।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'हार' 'जीत' 'बात' 'हँसी'
हार से भी हैं दुःखी और जीत से भी हैं दुःखी,
ऐसे लोगों की जहाँ में है नहीं कोई कमी।
बात अच्छी भी हो तो भी राजी वो होते नहीं,
उनके चेहरे पर हँसी हमने नहीं देखी कभी।

नई मंडी श्रीरामलीला के शुभारम्भ अवसर पर अतिथियों को सम्मानित करते आयोजकगण।

गांधी कॉलोनी रामलीला में ताड़का वध का आनन्द लेते दर्शकगण। -फोटो बुलेटिन

नई मंडी में श्री रामलीला का पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। श्री रामलीला भवन नई मंडी में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्रीराम की लीला का शुभारंभ कार्यक्रम नई मंडी श्रीराम लीला द्वारा प्रारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व उद्यमी सोमांश प्रकाश व कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया व कमेटी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया। श्रीराम लीला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश ने कहा कि श्रीराम लीला नई मंडी में श्रीराम लीला का 96 वां महोत्सव सनातन संस्कृति की बड़ी धरोहर है, जिसे हर वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों का इस परंपरा को कायम रखने के लिए भी आभार व्यक्त किया। मंडी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारे नई मंडी के लिए पुलिस ने उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। कार्यक्रम में आये अतिथियों का कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल ने धन्यवाद किया। श्री रामलीला का मनमोहक मंचन ब्रजधाम से श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमेटी के उपाध्यक्ष बृजगोपाल छारिया, सत्य प्रकाश मित्तल, प्रवीण कुमार एडवोकेट, उप मंत्री राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया, मोहन लाल, डॉ. प्रदीप जैन, अशोक तायल, अशोक अग्रवाल, कैलाश चंद गुप्ता ज्ञानी, विनोद संगल, विवेक गर्ग, अभिषेक कुच्छल, विदित गुप्ता, कुलदीप शर्मा, शरद गोयल, अतुल जैन, रवि गोयल, संजय जिंदल काका आदि मौजूद रहे।

गांधी कॉलोनी रामलीला में ताड़का वध

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। गांधी कॉलोनी रामलीला में डॉ. सुधीर लूथरा उनकी पत्नी सोनिया लूथरा, अशोक कंसल पूर्व विधायक, अनिल धमीजा विजय वर्मा, पवन छाबड़ा, राज बाटला, राकेश हुड़िया प्रेमी छाबडा, विनोद छाबडा, नरेंद्र इशपूजानी, घनश्याम एवं विकास आहूजा की उपस्थिति में सर्वप्रथम आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विजय वर्मा ने बताया की सर्वप्रथम रामलीला में भगवान राम का जन्म दिखाया गया। फिर दशरथ और विश्वामित्र में संवाद को भी बहुत ही अच्छे तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात पाठशाला का चित्रण किया गया और अंत में ताड़का का वध किया गया, जिसमें सभी कलाकारों ने बहुत ही अच्छी तरीके से कार्य किया और वहां उपस्थित हजारों की भीड़ ने तालियां बजाकर रामलीला के आयोजकों की एवं कलाकारों की भरपूर प्रशंसा की। सभी ने वहां हलवे का प्रसाद छका और रात 12.30 बजे रामलीला का समापन किया गया।

बैण्डबाजों व भव्य झांकियों के साथ नगर में निकली भगवान श्रीराम की बारात

खतौली, २५ सितम्बर (बु.)। धनुष भंग की लीला सम्पन्न होने के पश्चात बैण्ड बाजों व भव्य झांकियों के साथ नगर में निकली भगवान श्रीराम की बारात का श्रद्धालुओं द्वारा पूजा करते हुए पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा बाजार स्थित सेठ रामस्वरूप पालीवाल ट्रस्ट ठाकुरद्वारा में रामलीला के चल रहे मंचन में बीती रात धनुष भंग की लीला के सफल मंचन के उपरांत रविवार को ठाकुरद्वारा ट्रस्ट से सायंकाल मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की बारात प्रारम्भ हुई। सर्वप्रथम रामलीला कमैटी के प्रधान सेठ गणेश शंकर पालीवाल परिवार द्वारा रथ पर सवार भगवान राम परिवार की आरती की गयी। तत्पश्चात ठाकुरद्वारा ट्रस्ट से विधिवत राम बारात प्रारम्भ हुई। बारात में जहां कई व्यवसायिक बैण्ड धार्मिक धुनों के द्वारा भगवान की महिमा का गुनगान कर रहे थे, वहीं यात्रा में शामिल भव्य झांकियां नागरिकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। राम बारात में जहां रामलीला कमैटी के पदाधिकारी व सदस्यगण स्वयं रामलीला कमैटी के पदाधिकारी व सदस्यगण स्वयं व्यवस्था बनाने हेतु प्रयासरत बने रहे। वहीं कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार भारी पुलिस बल के साथ निगरानी बनाते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाते में दिखाई दिये। कोरोना महामारी के कारण विगत दो वर्षो तक रामलीला का मंचन न होने के फलस्वरूप इस वर्ष जहां रामलीला के मंचन के दौरान दर्शकों में उत्साह बना हुआ है। वहीं रामबारात के दौरान भी लोगों की भीड़ अधिक दिखाई दी। रामबारात ठाकुरद्वारा ट्रस्ट से चलकर इन्द्रामूर्ति घण्टाघर, सरदार पटेल मूर्ति, जानसठ तिराहा, भवानी मंदिर मार्ग, बड़ा बाजार होती हुई देर रात्रि ठाकुरद्वारा पहुंची। इससे पूर्व मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य रथ पर विराजमान भगवान श्रीराम, माता जानकी सहित लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन का पूजा अर्चना कर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। ठाकुरद्वारा ट्रस्ट पर पहुंचने पर यात्रा का धार्मिक उद्घोषों के साथ नागरिकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात ज्योतिषाचार्य पंडित श्री निवास शर्मा द्वारा पूजा अर्चना व मंत्रोचार के साथ भगवान श्रीराम व माता जानकी के विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। तत्पश्चात गत वर्षों की भांति ठाकुरद्वारा ट्रस्ट में विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। श्रीराम बारात के दौरान कमैटी के प्रधान गणेश शंकर पालीवाल, मंत्री रामकुमार भटनागर, अनोज श्रीवास्तव, कुलबीर कर्णवाल, अनुज शर्मा एड., कन्हैया मित्तल, रजनीश, तेजपाल शर्मा, दुष्यंत अन्नू, बृजभूषण विश्वकर्मा, अनिल त्यागी, हर्ष पालीवाल, रामकिशन सैनी, सूरज पालीवाल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नफीस पहाड़ी, संजय, पण्डित हितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

पटेल नगर रामलीला का विजय शुक्ला व अचिंत मित्तल ने किया उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। श्री आदर्श रामलीला पटेल नगर के 47 वें रामलीला महोत्सव में रविवार को लीला का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला तथा भाजपा नेता अचिंत मित्तल ने दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री रामलीला कमेटी प्रबंधक अनिल ऐरन, सुरेंद्र मंगल, जितेंद्र कुछल, विकल्प जैन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर कलाकारों ने लीला का मनोहारी मंचन किया।

मीरापुर में बारिश के बाद मुख्य बाजार की सड़कों पर भरा पानी।

एक विवाहिता फांसी पर झूली, दूसरी ने खाया जहर

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। एक विवाहिता ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रैफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लहावाला निवासी 24 वर्षीय शीबा ने आज संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने नाजुक हालत के चलते उसे रैफर कर दिया। एक अन्य मामले में नई मंडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंकित विहार निवासी 26 वर्षीय सुनीता ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हिन्दुत्व के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का उठाया बीड़ा : ललित मोहन शर्मा

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। क्रान्ति सेना द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के बीच रविवार को मंसूरपुर क्षेत्र के ग्राम नरा व जडौदा के दर्जनों से अधिक युवाओं ने क्रांति सेना की सदस्यता ग्रहण की। क्रांति सेना पार्टी कार्यालय पर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा की उपस्थिति में संगठन में शामिल हुए युवाओं को मंडलाध्यक्ष अमित अग्रवाल बंटी, जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल ने पटका पहनाकर क्रान्ति सेना की सदस्यता दिलायी। सदस्यता अभियान के बीच संपन्न कार्यक्रम में क्रान्ति सेना के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि क्रान्ति सेना की हिन्दूत्व वादी नीतियों एवं आमजन से जुड़े मुद्दों पर कार्य करने से ही प्रभावित होकर बड़ी संख्या में हिन्दू युवा क्रान्ति सेना में शामिल हो रहे हैं। इस दौरान मंडलाध्यक्ष अमित अग्रवाल और जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज हमें जात-पात छोड़कर छोटे-छोटे विवादों को भूलकर केवल और केवल हिन्दूत्व की बात करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि क्रान्ति सेना कार्यकर्ताओं को हिन्दू त्योहारों के चलते यह भी हम हिन्दूओं को ध्यान रखना होगा की हम अपने आसपास देखें की कहीं हमारा कोई भी हिन्दू परिवार आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण त्योहार मनाने से वंचित न हो जाये। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम सब हिन्दू वीरों को मिलकर ऐसे गरीब परिवार की मदद करनी होगी, ताकि फिर से वह परिवार और बच्चे त्योहारों को खुशी-खुशी मना सकें। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेन्द्र गोस्वामी, मंगतराम, राजेन्द्र तायल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, अमित मित्तल, शुभम गुप्ता, मोनू बंसल, गौरव महेश्वरी आदि ने क्रांति सेना में शामिल होने वाले नरा निवासी अतुल शर्मा के नेतृत्व में मनोज गुप्ता, अभिषेक, अभिषेक सैनी, राधे सैनी, रोहित सैनी, वंश सैनी, चिंटू सैनी, अनुज सैनी, राम गोपाल, शुभम, अनिकेत सैनी, वंश, दिपांशु राजपूत, संदीप, पवन सैनी, अमित सैनी, नितिश सैनी, सन्नी सैनी आदि ने क्रान्ति सेना में शामिल होने के साथ संगठन को मजबूत करने का भी संकल्प दोहराया है।

खरीदारी को लेकर बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

खतौली, २५ सितम्बर (बु.)। नवरात्रों के प्रारम्भ होने को लेकर बाजारों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं सहित पूजा सामग्री खरीदारी को लेकर बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी दिखी। मिली जानकारी के अनुसार कल (आज) से नवरात्रों के प्रारम्भ होने को लेकर जहां बाजारों में पूजा सामग्री सहित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विक्रेताओं के प्रतिष्ठान सजने शुरू हो गये। वहीं अधिकांश रूप से महिलाओं सहित श्रद्धालु पुरूषों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं सहित शारदीय नवरात्रों में प्रयोग होने वाली पूजा सामग्री व सजावट सामग्री खरीदने वालों की बाजारों में भीड़ उमड़ी दिखाई पड़ी। इस दौरान बाजारों की दुकानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा दिखाई दी। इसके अतिरिक्त नवरात्रों के वृत को लेकर किरयाना दुकानों पर भी खाद्य सामग्री व नारियल आदि खरीदने वाले लोगों का तांता लगा रहना व नगर के बाजारों में चहल पहल बनी रही। दिन में हल्की बारिश के चलते हुए भी नवरात्रों की सामग्री खरीदने वाले ग्राहकों का खरीदारी का क्रम जारी बना दिखा। वहीं फल सहित पुष्पमाला बेचने वाले प्रतिष्ठानों पर खरीदारों का जमावड़ा बना रहा। नवरात्रों के पावन धार्मिक पर्व को लेकर श्री सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर सहित नगर के मंदिरों में भी भव्य सजावट का कार्य दिनभर जारी रहा।

चाकू से युवक पर हमला

कांधला, 25 सितम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला मौलालान निवासी मुकीम ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि 2 दिन पूर्व पड़ौस एक व्यक्ति से मामूली कहासुनी हो गई थी। आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने घायल की हालत को चिंताजनक देखते हुए उपचार के लिए शामली रैफर कर दिया है। घटना के सम्बंध में पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 सितम्बर 2022 दिन बुधवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छीकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

नि:शुल्क पी.एस.ए. (प्रोस्टेट के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 सितम्बर 2022, बुधवार, प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

त्रुटि संशोधन

श्रीरामलीला सभा (शहर), टाउन हॉल द्वारा श्रीरामलीला का मंचन किया जाता रहा है, जिसमें श्री सीता स्वयम्बर का आयोजन श्री श्याम परिवार सुखी संसार समिति (रजि.) नई मण्डी, मुजफ्फरनगर द्वारा किया जाता है। त्रुटि वश निमंत्रण पत्र में श्याम परिवार सुखी परिवार प्रिंट हो गया है, जो श्री श्याम परिवार सुखी संसार समिति (रजि.) नई मण्डी, मुजफ्फरनगर होना था।

मीरापुर में लगातार हो रही वर्षा से चारों ओर जलभराव

-वर्षा ने खोली नगर पंचायत के विकास कार्यो के दावे की पोल

मीरापुर, २५ सितम्बर (बु.)। पिछले कई दिनों से हो रही वर्षा व जल निकासी नहीं होने के कारण नगर में चारों ओर जल भराव की समस्या बन गई है। लोगों को गंदे पानी के बीच से गुजर कर आना-जाना पड़ रहा है। बेमौसम हुई बरसात ने नगर पंचायत के दावों की पोल खोलकर रख दी है। वर्षा व जल निकासी नहीं होने के कारण नगर में जल भराव की समस्या बनी हुई है। पड़ाव चौक के निकट करीब ३०० मीटर तक सड़क पर एक-एक फीट पानी भरा हुआ है। साथ ही वाल्मीकि बस्ती में गंदा पानी लोगों के घरों में भरा हुआ है। मौहल्ला जाट कालोनी, कमलियान, मौहल्ला मुश्तर्क के साथ साथ कस्बे के सभी मुख्य बाजारों में कई-कई फीट पानी भरने से जलभराव की समस्या बनी हुई है। नागरिकों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जलभराव की समस्या को लेकर नामित सभासद डॉ. मनोज भद्रकाशी, मूलचन्द शर्मा, व्यापारी सुनील कुमार, अनिल नंन्दवानी आदि ने कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत की है, किंतु अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। मीरापुर में मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर भी बरसात का पानी भर गया है। राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन अधिक पानी के चलते बंद हो जाते हैं तथा कई बाइक सवार संतुलन बिगड़ने पर पानी में भी गिर जाते हैं। कस्बे में अलग-अलग स्थानों पर हो रहे जलभराव में मच्छर पनपने शुरू हो गए हैं। पूर्व सभासद सुनील चंचल व शिवकुमार शर्मा, नरेश कौशिक ने बताया कि कस्बें में भरे हुए गंदे पानी से यहां पर बीमारी फैलने की आशंका बन गई है।

मीरापुर में श्रीराम पब्लिक स्कूल में आयोजित रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ करते चेयरमैन परविंदर भड़ाना व अन्य दृश्य।

कचहरी में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का भंडारे के साथ समापन

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। कचहरी प्रांगण में स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में बीते एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना व हवन और भंडारे के साथ समापन कर दिया गया। श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही कथा व्यास पंडित श्याम सुन्दर मिश्रा का व्यासपीठ से इस बीच आशीर्वाद प्राप्त किया। कचहरी स्थित श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में बीते एक सप्ताह से आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट प्रवीण अरोरा ने बताया कि रविवार को सवेरे मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के द्वारा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का कथा व्यास पंडित श्याम शंकर मिश्रा के सानिध्य में हवन यज्ञ के पश्चात कथा का विश्राम किया गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में आयोजकों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने परिवार सहित सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर यजमान अभिनव कुच्छल, जिला बार संघ महासचिव सुरेंद्र मलिक, कुलदीप गोयल, श्याम लाल बंसल, शिशु कांत गर्ग, चंद्रमणि शर्मा, अरूण वर्मा, अनुज स्वरूप बंसल, बृजपाल वर्मा, रामफल सिंह पुंडीर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने कथा व्यास पंडित श्याम शंकर मिश्रा से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा मंडप की विशेष वाटरप्रूफ व्यवस्था अश्वनी रहेजा, मनीष टेन्ट वालों द्वारा की गई। कथा में मानव कल्याण परिषद के प्रेम प्रकाश अरोरा द्वारा कथा सप्ताह में सफल संचालन किया गया।

श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला का शुभारंभ हुआ

मीरापुर, 25 सितम्बर (बु.)। कस्बे में श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड के तत्वावधान में श्री राम पब्लिक स्कूल में आयोजित रामलीला का हवन व पूजन के साथ विधिवत् शुभारंभ हो गया। रामलीला के प्रथम दिन श्री राधा सर्वेश्वर मण्डल वृन्दावन के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जन्म की भव्य लीला ने दर्शकों का मन मोह लिया। श्री राम पब्लिक स्कूल में आयोजित रामलीला के शुभारंभ पर सर्वप्रथम समिति के सदस्यों ने हवन व पूजन कराया। पण्डित अनिल शास्त्री ने मंत्रोचारण से वातावरण को भक्तिमय बनाये रखा। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि जानसठ नगर पंचायत के चेयरमैन परविंदर भड़ाना ने भगवान श्री गणेश की आरती कर व फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। इसके बाद इस बार रामलीला का मंचन कर रहे श्री राधा सर्वेश्वर मंडल वृंदावन के कलाकारों ने प्रथम दिन भगवान श्रीराम के जन्म के साथ साथ लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न के जन्म की भव्य व मनमोहक लीला कर दर्शकों का मन मोह लिया। राम जन्म पर समिति द्वारा प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से रोहित माहेश्वरी, दीपक गोयल, प्रदीप गोयल, गौरव भटनागर, अनिरुद्ध गोयल, डॉ. मनोज भद्रकाशी, लाला ब्रजभूषण अग्रवाल, विवेक वर्मा, बॉबी, उज्जवल, रविंद्र, देवेंद्र, सुनील व सुभाष आदि मौजूद रहे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल की उपस्थिति में सुनी मन की बात

भोपा, २५ सितम्बर (बु.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक निमित्त सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शुकतीर्थ स्थित दण्डी आश्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को क्षेत्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में भाजपा नेताओं व साधु संतों ने सुना। इसके उपरान्त क्षेत्रीय अध्यक्ष ने मोरना व भोकरहेड़ी में भी कार्यक्रमों में भाग लिया। शुकतीर्थ स्थित दण्डी आश्रम में पहुंचे पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने संतों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। इसके पश्चात मोरना में चौ. दरियाव सिंह के आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल की संगठनात्मक कुशलता बेजोड़ थी। वे देश की सेवा को श्रेष्ठ मानते थे, उन्होंने कहा था कि हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है। केवल भारत ही नहीं माता शब्द हटा दीजिए, तो भारत केवल जमीन का टुकड़ा मात्र बनकर रह जायेगा। पंडित जी ने अपने जीवन के एक-एक क्षण को पूरी रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक गहराई से जिया है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने पं. दीनदयाल के नाम से गरीब कल्याण हेतु कई योजनाएं शुरू की हैं। २०१६ में उनका जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया। जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय एक महान चिंतक थे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप से प्रस्तुत करते हुए देश को एकांतमानववाद व अंत्योदय दर्शन

कीचड़ में गिरे, उठे और दौड़े युवा

➲भर्ती के लिए गीले मैदान पर ही युवाओं ने दिखाया दम ➲आज बारिश थमने के बाद सोमवार को बेहतर माहौल की उम्मीद ➲आज होगी बिजनौर, धामपुर और नगीना के युवाओं की अग्निपरीक्षा

अग्निवीर भर्ती

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। भारी बारिश के बीच दो दिन अग्निवीर भर्ती योजना के तहत दौड़ नहीं हो पाई, लेकिन आज कीचड़ भरे मैदान में ही युवाओं को अग्निपरीक्षा में उतार दिया गया। इसके चलते युवा फिसले, चोट खाई, उठे और दौड़े। हां इतनी मेहरबानी रही कि बीती रात की जोरदार बारिश के बाद आज का दिन सुबह हल्की बौछारों के बावजूद दिन भर साफ रहा और कड़क धूप के बाद अधिकारियों ने सुकून की सांस ली। इसके बाद उम्मीद है कि सोमवार को मैदान पर कुछ बेहतर स्थिति रहेगी।

अग्निवीर भर्ती रैली में रविवार को लोनी, बिजनौर, धामपुर और नजीबाबाद के युवाओं का नंबर था। दो दिन लगातार बारिश के कारण मैदान के तरणताल और कीचड़ में तब्दील हो जाने के कारण भर्ती के लिए दौड़ स्थगित करनी पड़ी थी। इसके चलते रविवार को प्रशासन और सेना के अधिकारी जिस तरह से तैयारियों में जुटे थे, उससे उनके इरादे काफी हद तक पहले ही साफ हो गए थे। मैदान से पानी निकासी की व्यवस्था, ट्रैक पर मिट्टी डालने और दूसरे तरीकों से सुखाने की कवायद और वाटर प्रूफ तंबू खड़ा करने के लिए जिस तरह शनिवार को दिन भर और रात में भी प्रशासनिक व पालिका के अधिकारियों के साथ सेना के भर्ती अधिकारी जुटे रहे, उससे आज माहौल कुछ अलग था। हालांकि कल भी देर रात तक बारिश होती रही। सुबह मैदान और ट्रैक पर कीचड़ भी भरपूर था। इसके बावजूद भर्ती अधिकारियों ने आज की दौड़ स्थगित ना करने का फैसला किया और सुबह छह बजे दौड़ शुरू की। बिजनौर, धामपुर और नजीबाबाद के युवाओं ने इन हालात में भी भर्ती अधिकारियों की चुनौती का स्वीकार कर गीले मैदान पर ही उतरने का फैसला किया। इसके बाद दौड़ शुरू हुई तो दलदली ट्रैक पर युवाओं को तमाम बाधाओं का सामना करना पड़ा। युवा कीचड़ में फंसकर लथपथ हो गए, कई को गिरने के बाद हल्की चोटें भी आईं, लेकिन दौड़ का सिलसिला जारी रहा। दौड़ में सफल होने वाले अभ्यार्थियों को नुमाईश मैदान में अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौर से गुजरना पड़ा। आखिरकार प्रकृति की तमाम चुनौतियों के बीच सेना के अधिकारी प्रतिदिन रैली स्थगित करने का सिलसिला तोड़ने में कामयाब हुए। हालांकि इस बार बरसात ने उन्हें काफी छकाया। गीले मैदान पर आज दिन में मौसम काफी मेहरबान रहा। दोपहर बाद कड़क धूप भी निकली। इसके बाद बादल आए जरूर, लेकिन बारिश ना होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद अब सोमवार को बिजनौर, नगीना और धामपुर के युवाओं की बारी है। मौसम साफ रहा तो उन्हें आज के मुकाबले कुछ बेहतर स्थितियां दौड़ के लिए मिलने वाली हैं।

दौड़ में कीचड़ से युवाओं का बुरा हाल रहा। बाद में उन्हें टोंटी और नल का सहारा लेना पड़ा

शेष : घरों में सांझी....

दुकानदारों की मानें तो इस बार पूजा सामग्री के दामों में बीते वर्षों से ज्यादा महंगे हो गये हैं। बावजूद भक्तों में पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर खासा उत्साह है। आरती में उपयोग होने वाले कपूर व मिट्टी के सामान की कीमतें ज्यादा है। वही पूजा को लेकर घर के सजावट की वस्तुओं की खरीदारी जमकर हुई। मिट्टी की देवी प्रतिमाओं के साथ सांझी के भाई, सूरज, चांद तारे और तोते चिड़िया आदि की सजावट भी इसके बाद घरों में की गई। नवरात्र पर देवी प्रतिमा के पास नौरते बोने की भी परंपरा है। ऐसे में मिट्टी के बर्तनों में ज्यों रेत में डालकर नौरते बोए जाते हैं। देवी प्रतिमा के विसर्जन के बाद विजय दशमी पर भाईयों के कानों पर यह नौरते रखकर उनके दीर्घायु और सुखी समृद्ध होने की कामना की जाती है। माना जाता है कि इन नौ दिनों परिवारों में मां दुर्गा अपने मायके में निवास करने के लिए आती हैं।

पितृ विसर्जन अमावस्या पर दी पितरों को विदाई

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। अश्वनी माह कृष्ण पक्ष में पितृ पक्ष के अंतिम दिन सर्व पितृ अमावस्या तिथि पर रविवार को घर-घर में अर्पण तर्पण का सिलसिला चलता रहा। ब्राह्मणों को भोजन करवाकर यथाशक्ति दक्षिणा देकर विदा किया। इसके साथ ही बुजुर्ग महिलाओं के सानिध्य में पितरों से पूरे परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही अमावस्या तिथि को जिन लोगों को अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है, उन लोगों ने सभी पितरों को याद करते हुए विधिवत पूजा की। नगर के हृदय स्थल शिवचौक के साथ ही नगर मुख्यालय और गांव देहातों में कई जगह पर इस बीच भंडारे में प्रसादी का वितरण लोगों को किया। भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा व अश्विन माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू हुए श्राद्धों का एक पखवाड़े का कार्यक्रम पितृ विसर्जन अमावस्या पर सभी पितरों में अर्पण-तर्पण की संपन्न प्रक्रिया के बीच विधिवत पूर्ण हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में सनातन धर्म संस्कृति से जुड़े परिवारों में घर पर अर्पण-तर्पण व ब्राह्मण भोज के साथ संपन्न किया गया। इसके साथ बड़ी संख्या में लोगों द्वारा इस दौरान तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर इस बीच हवन पूजन, पिंडदान, और जल अर्पित करके हुए सभी ज्ञात, अज्ञात मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

संजीव बालियान, हरेंद्र, पंकज, उद्यमी भीम और सतीश को निमंत्रण

मुज़फ्फरनगर, 25 सितंबर(बु.)। मुज़फ्फरनगर बुलेटिन के तीन अक्तूबर वहलना के जैन मंदिर में होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह के लिए जनप्रतिनिधियों और उद्योगपतियों को आमंत्रित करने का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने रविवार को केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, टिहरी स्टील के मालिक सतीश गोयल से मिलकर बुलेटिन के रंगीन संस्करण की जानकारी देते हुए उन्हें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। श्री गोयल ने उपस्थित होने के साथ बुलेटिन की उन्नति के लिए पूरे परिवार को बधाई दी। उद्योगपति भीम कंसल तो बुलेटिन के रंगीन संस्करण को लेकर गदगद नजर आए। कंसल ने कहा कि बुलेटिन संपादक के रुप में अंकुर दुआ ने जो सपना संजोया था, वो साकार होने वाला है। संपादक दुआ ने पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक और उनके बेटे विधायक पंकज मलिक को भी समारोह के लिए न्यौता दिया। पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक ने बुलेटिन संस्थापक उत्तम चंद शर्मा की लेखनी की यादों को साझा किया। उन्होंने बुलेटिन की स्वच्छ और सार गर्भित पत्रकारिता की सराहना की। भाजपा के जिला मंत्री सचिन सिंघल ने आमंत्रण को स्वीकारते हुए संपादक अंकुर दुआ को रंगीन संस्करण के लिए बधाई दी।

ब्लाक के चलते रद्द रहेगी सहारनपुर-दिल्ली सुपरफास्ट

सहारनपुर, 25 सितंबर (वार्ता)। टपरी-सहारनपुर रेल मार्ग पर ओएचई लाइन पर कार्य के चलते विभिन्न तारीखों में ब्लाक लिया गया है। ब्लाक के चलते सहारनपुर-दिल्ली के बीच चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी। गौरतलब है कि कुछ ही दिनों पूर्व सहारनपुर-दिल्ली वाया मुजफ्फरनगर, मेरठ रेल मार्ग पर सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन किया गया था। सहारनपुर से दिल्ली के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 20412 30 सितंबर को रद्द रहेगी। अक्टूबर में 7,14,21,28 अक्टूबर को सुपरफास्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी। जबकि नवबंर माह की 4,11,18,25 को ट्रेन रद्द रहेगी। दो दिसबंर को भी ट्रेन सहारनपुर से रद्द रहेगी। दिल्ली सहारनपुर के बीच संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 20411 1,8,15,22,29 अक्टूबर को रद्द रहेगी। नवबंर माह की 5,12,19,26 तारीखों को सुपरफास्ट ट्रेन रद्द रहेगी। जबकि 3 दिसबंर को भी सुपरफास्ट ट्रेन रद्द रहेगी। टपरी-सहारनपुर रेल मार्ग पर ओएचई कार्य के चलते विभिन्न तारीखों में ब्लाक लिया गया है। इस कारण अप व डाउन में सहारनपुर-दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस विभिन्न दिनों में रद्द रहेगी।

गायब हो गई मंदिर से योगी की मूर्ति

➲मंदिर बनवाने वाला व्यक्ति भी लापता

अयोध्या, 25 सितम्बर (वार्ता)। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित कल्याण भदरसा मजरे मोर्या का पुरवा में निर्मित योगी मंदिर से रविवार दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मूर्ति ही रहस्यमय स्थिति में गायब हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मूर्ति पुलिस की गाड़ी से आए लोग उठा ले गए, जबकि पुलिस का कहना है कि मूर्ति मंदिर का निर्माण करने वाले प्रभाकर मौर्या ने स्वयं गायब की है। वहीं इसके बाद से प्रभाकर लापता बताया जा रहा है। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। दूसरी ओर रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने उक्त भूमि की पैमाइश भी की। बता दें कि कल्याण भदरसा मजरे मोर्या का पुरवा में योगी मंदिर का निर्माण स्थानीय निवासी व अपने को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रचारक बताने वाले प्रभाकर मौर्या ने करवाया था। रविवार की दोपहर योगी मंदिर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिमा ही रहस्यम तरीके से गायब हो गई। प्रभाकर मौर्या के चाचा रामनाथ मौर्या सहित आसपास के लोगों व प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रविवार दोपहर नीली बत्ती लगी हुई पुलिस की गाड़ियां आईं और मूर्ति को मंदिर से उठाकर अपने साथ ले गईं। वहीं, प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर राजेश सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मूर्ति कौन और कहां ले गया, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। बताया कि संभावना है कि प्रभाकर ही अपने साथ मूर्ति ले गया हो क्योंकि अब उसका कोई पता नहीं चल रहा है। उसका मोबाइल भी स्विच आफ बता रहा है। प्रभाकर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को सोहावल तहसील के प्रशासनिक अमले ने राजस्व निरीक्षक की मौजूदगी में मंदिर स्थल के आसपास के भूखंड की पैमाइश की। मंदिर भूखंड स्थल की पैमाइश में जुटी सोहावल तहसील की टीम का नेतृत्व कर रहे राजस्व निरीक्षक दयाराम वर्मा का कहना है कि जिस भूमि और क्षेत्रफल में योगी मंदिर स्थापित किया गया है, वह जमीन आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के नाम से दर्ज है। उसकी गाटा संख्या 32 और 36 है। कुल रकबा लगभग 40 बीघा से अधिक है। जबकि बगल में स्थापित गाटा संख्या 37 में शनिदेव का मंदिर है जिसका रकबा लगभग 34 बीघा है, हालांकि मंदिर करीब एक बिसवां से कम ही जमीन पर स्थापित किया गया है। बाकी की जमीन में पहले से फूल पत्ती व पेड़-पौधे लगे हुए हैं।

महिला से कुंडल लूट के आरोपी दो बदमाश दबोचे

शामली, २५ सितम्बर (बु.)। कोतवाली पुलिस द्वारा महिला के साथ लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से लूटा हुआ कुंडल, दो अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद की गई है। शहर के करनाल रोड निवासी प्रकाशवती पत्नी रणधीर के साथ गत शनिवार को किसी कार्य से बाजार जा रही थी, तभी बीच रास्ते में बाईक सवार दो बदमाशों ने महिला के सोने के कुंडल लूट लिये, जिसके सम्बंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की। रविवार को कोतवाली पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए महिला के साथ लूट करने वाले दो बदमाशों प्रवेश व महताब निवासी विज्ञाना थाना बुढ़ाना जनपद मुजफरनगर को गिरफ्तार कर लिया, जिनके पास से लूटा गया सोने का कुंडल, दो अवैध चाकू व घटना में शामिल बाईक को बरामद किया गया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों को जेल भेज दिया है।

युवती को भेजे अश्लील वीडियो, तेजाब डालने की दी धमकी

मुजफ्फरनगर, २५ सितम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवती को फोन कर एक युवक मिलने के लिए दबाव बना रहा है। आरोपित युवती के मोबाइल पर अश्लील वीडियो और फोटो भेज रहा है। युवती ने विरोध किया तो आरोपित ने उसके मुंह पर तेजाब डालने की धमकी दे डाली। धमकी से युवती और उसके स्वजन दहशत में हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवती के मोबाइल पर बीती १८ सितंबर से एक युवक फोन कर रहा है। आरोपित युवती के मोबाइल पर अश्लील फोटो और वीडियो भेज रहा है। इतना ही नहीं आरोपित युवती पर मिलने के लिए भी दबाव बना रहा है। युवती ने विरोध किया तो आरोपित ने उसके चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दे डाली। तेजाब डालने की धमकी मिलने से युवती और उसके स्वजन खौफजदा हैं। दहशतजदां युवती ने नईमंडी कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को आरोपित का मोबाइल नंबर भी मुहैया कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित के मोबाइल को सर्विलांस पर लेकर उसकी तलाश शुरू कर दी।

46 मिमी बारिश के बाद थमा बौछारों का सिलसिला

➲दोपहर के बाद खिली कड़क धूप के बाद खुला मौसम: पारा 27.2 / 23.2
➲चारों ओर सड़कों में गड्ढे, प्लाटों में भरा पानी बने डेंगू पालन केंद्र

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। तीन दिन तक जबरदस्त बारिश के बाद आज का दिन बिन बारिश के गुजरा। दिन में दोपहर तक रिमझिम के बाद मौसम आम तौर पर खुल रहा और कड़क धूप ने एक बार फिर गर्मी का अहसास कराया। हालांकि बीती रात और आज दिन में 46 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। आज दिन और रात का तापमान थोड़ा बढ़ा और अधिकतम तापमान 27.2 और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बारिश के चलते आज भी शहर के पास काली नदी में खासा पानी आने के कारण आसपास के खेतों में जलभराव की स्थिति बनी रही।

असौज में शहर समेत जिले भर ने भारी बारिश का दौर देखा। इसके चलते कल रात से आज दोपहर तक भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। ऐसे में शहर में आज भी 46 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। दोपहर बाद मौसम खुलने से लोगों ने राहत की सांस ली और बाजारों में रौनक लौटी। हालांकि इस बारिश के बाद शहर में तमाम स्थानों पर गड्ढों, कीचड़ और खाली प्लाटों में जलभराव के निशान नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर तो बारिश के बाद सड़क पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। कई जगह पहले छोटे गड्ढे अब विशाल आकार लेकर नगर पालिका की व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। तमाम स्थानों पर अटे नालों में पानी भरा है। इसके अलावा बाहरी आबादियों में खाली पड़े प्लाटों में पानी के जमाव से मच्छर और डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। शहर में यूं तो सभी स्थानों पर बारिश से हुई बर्बादी के निशान नजर आ रहे हैं, लेकिन सबसे खराब स्थिति निचली आबादियों और आसपास की बस्तियों में है, जहां या तो पानी की निकासी सही नहीं है, या सड़कें अच्छी नहीं हैं। ऐसे में बारिश रुकने के बाद भी आने वाले काफी दिनों तक बरसात की मुसीबत लोगों को झेलनी पड़ेगी। कई दिन से कभी कम तो कभी मूसलाधार बारिश ने किसानों की चिंता बढाई है। कई स्थानों पर बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों के खेतों में पानी भरने से धान और सब्जी की फसलें प्रभावित हुई हैं। इससे आलू की बुआई भी प्रभावित हुई है। पहले सूखे से परेशान किसानों को अब जोरदार बारिश ने मुसीबत में धकेल दिया है। बारिश से केवल गन्ने और चारे की फसलों को राहत मिली है। धान, सब्जी और आलू उत्पादकों को इस बारिश के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ा है। तेज बारिश से फैली धान की फसल बिछ गई है। इससे फसल में उत्पादन काफी बुरी तरह से प्रभावित होगा। आलू का उत्पादन भी इससे प्रभावित होगा।

बूंदाबांदी के बीच से होकर गुजरते बाइक सवार परिवार। -फोटो बुलेटिन

सचिन पायलट के खिलाफ गहलोत गुट के सभी 92 विधायकों ने किया इस्तीफे का ऐलान

जयपुर, 25 सितंबर (वार्ता)। राजस्थान में बड़ा सियासी संकट उत्पन्न हो गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायकों ने साफ कर दिया है कि उन्हें राजस्थान में सचिन पायलट को सत्ता सौंपना मंजूर नहीं है। कांग्रेस आलाकमान पर दबाव बनाने के लिए गहलोत गुट के सभी विधायकों ने इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। गहलोत गुट के सभी विधायक स्पीकर सीपी जोशी को अपना इस्तीफा सौंपने पहुंच गए हैं। इस बीच खुद स्पीकर सीपी जोशी के भी इस्तीफे की खबर सामने आ रही है।

राजस्थान सरकार में मंत्री और गहलोत के करीबी प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सभी विधायक गुस्से में हैं और इस्तीफा दे रहे हैं। हम इसके लिए अध्यक्ष के पास जा रहे हैं। विधायक इस बात से खफा हैं कि छ्रूअशोक गहलोत उनसे सलाह लिए बिना फैसला कैसे ले सकते हैं। खाचरियावास ने 92 विधायकों के इस्तीफे की बात कही है। बताया जा रहा है कि अभी तक 83 विधायकों ने इस्तीफे सौंप दिए हैं। आज शाम सीएम अशोक गहलोत के घर पर विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। इसके लिए दिल्ली से पर्यवेक्षक बनाकर वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रभारी अजय माकन को जयपुर भेजा गया था। विधायक दल की बैठक में विधायकों को यह प्रस्ताव पारित करने को कहा गया था कि आलाकमान नए मुख्यमंत्री का फैसला करेगा। बताया जा रहा है कि हाईकमान ने सचिन पायलट को सीएम पद सौंपने का मन बना लिया है और गहलोत को यह मंजूर नहीं है। उनका कहना है कि हाईकमान ने उनकी राय नहीं ली है।

पंजाब में तीन अक्तूबर को रेल रोकेंगे किसान, दो दर्जन स्थानों पर होगा चक्का जाम

अमृतसर, 25 सितंबर (वार्ता)। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी ने एक बार फिर तीन अक्तूबर को पंजाब भर में रेल रोकने का एलान किया है। कमेटी ने कहा कि पंजाब व केंद्र की सरकारें किसानों की मांगों के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। मजबूरन किसानों को रेल रोको आंदोलन करना पड़ रहा है। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य में करीब दो दर्जन स्थानों पर किसान ट्रेनों का चक्का जाम करेंगे। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी पंजाब के राज्य महासचिव सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के किसान तीन अक्तूबर को तीन घंटे रेल सेवा ठप रखेंगे। किसानों का विरोध कुछ दिन पहले केंद्र सरकार के बिजली से संबंधित अधिसूचना के बाद शुरू हुआ है। इसके तहत सरकार ने बिजली वितरण का काम निजी हाथों में देने का फैसला लिया है।

बारिश के बाद हादसों का दौर : छत गिरने से कई घायल, एक पशु की मौत

बागोवाली में छत गिरने से मृत पशु

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बागोवाली में बारिश के चलते कच्ची छत गिरने से मलबे के नीचे दबकर एक पालतू पशु की मौत हो गई, जबकि 3 पशु घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि बागोवाली निवासी मुर्तजा ने अपने घर के बाहरी हिस्से में पशुओं को बांधने के लिए एक कच्ची छत का कमरा बनाया हुआ था। वहां पर तीन दुधारू बड़े पशु व एक लवारे को बांधा जाता था। रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पशुओं वाले कमरे की छत अचानक भरभराकर गिर गई। इस दौरान एक पशु की मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। उधर, छत गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मलबे में दबे पशुओं को बाहर निकाला। तब तक एक पशु की मौत हो चुकी थी, अन्य तीन घायल थे। यह जानकारी पाकर नई मंडी कोतवाली पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल बाल किशोर शर्मा मौके पर पहुंचे। मृतक पशु के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। लेखपाल का कहना था कि वह हादसे की रिपोर्ट अधिकारियों को देंगे।

वहीं बारिश के चलते रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव में मकान की छत गिर गई। जिसमें महिला बच्चे समेत छह लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने मलबे के नीचे दबे घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। रतनपुरी थाना क्षेत्र के रियावली नगला गांव निवासी मुकर्रम पुत्र मोहम्मद अली शनिवार को परिवार के लोगों के साथ मकान में सोया हुआ था। देर रात को जिस कमरे में मुकर्रम परिवार के साथ सोया था उसकी छत अचानक भरभरा कर गिर गई। जिसमें मुकर्रम अली के अलावा उसकी पत्नी मोहसिना, तराना, सलीहा, मोहम्मद जैद, मोहम्मद ओवैस छत के मलबे के नीचे दब गए। अचानक गिरी छत की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग मोहर्रम के घर पहुंचे तो दंग रह गए, उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और मलबे के नीचे दबे सभी लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को ग्रामीणों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भेजा। बताया गया है कि पिछले दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मकान की छत गिरी है। कमजोर छत होने के बारे में कई बार तहसील में प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हादसे में घायल हुए दो बच्चों को मेरठ रेफर कर दिया गया है। बरसात में फलौदा व पुरकाजी कस्बे में दो लोगों के मकान रात में गिर गए। इस दौरान दुघर्टना होने से बच गई। फलौदा गांव में रात में मुकर्रम के कच्चे मकान की एक गिर गई। वही पुरकाजी में असरफ नामक व्यक्ति का मकान कई दिनों से हो रही बरसात में गिर गया।

हिजाब विरोध का सिंबल बनी बीस साल की युवती की पुलिस ने गोली मारकर हत्या की

तेहरान, 25 सितंबर (वार्ता)। ईरान में हिजाब के खिलाफ विरोध का ऑनलाइन सिंबल बनी 20 साल की लड़की को पुलिस ने मौत के घाट उतार दिया। हदीस नफाजी को तेहरान के नजदीक कराज सिटी में प्रदर्शन के दौरान गोली मारी गई। भूरे बालों वाली हदीस का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। इसमें वह एक प्रदर्शन के दौरान बिना हिजाब के पुलिसकर्मियों के सामने पहुंच गई थीं। इसके बाद वह रबर बैंड से अपने बालों को बांध रही थीं। कुछ दिन पहले ईरान में हिजाब न पहनने के चलते माशा अमीनी को पीटा गया था। इसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद से ही ईरान में हिजाब के खिलाफ महिलाएं बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे ही एक प्रदर्शन के दौरान नफाजी अपने खुले बालों के साथ पुलिस के सामने पहुंच गई थीं। उनकी यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गई थी।

मोबाइल टावर पर चढ़ गया नशेड़ी

मुजफ्फरनगर, 25 सितंबर (बु.)। बुढ़ाना कोतवाली इलाके की सब्जी मंडी में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक नशेड़ी मोबाइल टावर पर चढ़ गया। बुढ़ाना में एक नशेड़ी का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। नशे की हालत में युवक मोबाइल टावर की चोटी पर चढ़ गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और काफी मिन्नतों के बाद नशेड़ी युवक को सकुशल नीचे उतारा। नशेड़ी युवक परसौली गांव का बताया जा रहा है।

शेष : पुल तोड़ते समय ...

गंग नहर में जा गिरी। गनीमत यह रही कि चालक ने किसी तरह बाहर निकल कर अपनी जान बचा ली। हालांकि उसी समय किसी ने यह वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जो अब लगातार तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशासन की ओर से इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा गया है।

नलकूपों पर चोरी करने वाले छह सदस्य दबोचे

मुजफ्फरनगर, २५ सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन पुलिस ने चेकिंग के दौरान छह चोरों को दबोचा है। दबोचे गए आरोपित किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते थे। आरोपित बड़ी संख्या में विद्युत मोटर, स्टार्टर, ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस ने दबोचे गए आरोपितों से चोरी करने के उपकरण बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद आरोपितों को जेल भेज दिया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर संतोष त्यागी ने बताया कि पुलिस ने चैकिंग के दौरान राणा चौक से रेलवे लाइन पर जाने वाली सड़क पर स्थित एक खंडहर से छह लोगों को दबोच लिया। आरोपितों से लोहा काटने की आरी, कटर और अन्य उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम जोगेन्द्र उर्फ टिन्ना निवासी वहलना, बिट्टू उर्फ रोकी निवासी पीनना, नीरज उर्फ विजय निवासी खानोपुर, नौशाद निवासी गांव बसी, प्रमोद निवासी कुडला हापुड रोड थाना मुडाली और अर्जुन निवासी वहलना बताए। इंस्पेक्टर संतोष त्यागी ने बताया कि आरोपितों का गिरोह जनपद समेत आसपास के जनपदों में किसानों की नलकूप को निशाना बनाता था और वहां से विद्युत मोटर, स्टार्टर, ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण चोरी करता है। आरोपित चोरी के सामान को मेरठ के एक कबाड़ी को बेच देते हैं। बताया कि आरोपित जोगेंद्र के खिलाफ शाहपुर, सिविल लाइन, चरथावल, शहर कोतवाली में छह मुकदमे, बिट्टू के खिलाफ सिविल लाइन और कोतवाली में छह मुकदमे, नीरज उर्फ विजय के खिलाफ तीन, नौशाद के खिलाफ पांच, प्रमोद के खिलाफ दो अर्जुन के खिलाफ अलग अलग थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया।

खुला एआरटीओ कार्यालय, आवेदकों का रहा टोटा

मुजफ्फरनगर, 25 सितम्बर (बु.)। रविवार को छुट्टी के दिन परिवहन विभाग की ओर से शुरू की पेनल्टी माफी योजना तमाम प्रयासों के बाद भी अभी सफल होती दिखाई नहीं दे रही है। वाहन कर दाताओं को सरकार की ओर से शुरू की गई योजना को लेकर रविवार को खुले एआरटीओ कार्यालय में मात्र दो ही आवेदन आए हैं, जो चिंता नहीं अपितु इस योजना की सफलता में बड़ी चिंता का कारण बने हैं। रविवार को एआरटीओ कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों में अधिक वाहन स्वामी नहीं पहुंच पाए है, जबकि योजना का लाभ लेने को 26 सितम्बर अंतिम तिथि है। हालांकि जनपद में शुरू इस योजना के तहत अब तक करीब 1374 वाहन स्वामी 210.60 लाख रुपए बकाया रोड टैक्स जमा करा चुके हैं। योगी सरकार की पहल पर प्रदेश में परिवहन विभाग की रोड टैक्स पर शत-प्रतिशत पेनल्टी माफी योजना को आवेदन करने की इस बार 26 सितम्बर अंतिम तिथि है। शासन स्तर पर योजना का लाभ देने के लिए जारी हुए निर्देशों के बीच में रविवार को मुजफ्फरनगर का एआरटीओ कार्यालय खोला गया। योजना में रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन शुल्क एक हजार रुपये मात्र है। शासन के निर्देश पर 1 अप्रैल 2020 से पूर्व पंजीकृत ऐसे सभी प्रकार के वाहन, जिन पर पूर्व में रोड टैक्स बकाया है, उन्हें एक मुश्त शास्ति समाधान योजना-2022 के अंतर्गत बकाया रोड टैक्स पर लगने वाली पेनल्टी माफी में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जा रही है। शासन के निर्देशों के बीच इस योजना के तहत रविवार को एआरटीओ कार्यालय में मात्र दो वाहनों के आवेदन आए हैं। हालांकि विभाग में अब तक करीब 1673 वाहन स्वामियों ने जनपद में पेनल्टी माफी के लिए अपना आवेदन कराया है। इस योजना में अब तक 1374 वाहन स्वामियों के द्वारा कुल 210.60 लाख रुपये बकाया रोड टैक्स परिवहन विभाग में जमा कराकर शत-प्रतिशत पेनल्टी माफी का लाभ प्राप्त किया है। विभागीय अधिकारियों ने ऐसे हालातों के बीच सोमवार को योजना के अंतिम दिन ऑनलाइन आवेदन कर शत प्रतिशत छूट लेने का वाहन स्वामियों से आह्वान किया है, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

शेष : मां दुर्गा की पहली शक्ति...

पर्वतराज हिमालय के वहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका यह 'शैलपुत्री' नाम पड़ा था। वृषभ–स्थिता इन माताजी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल–पुष्प सुशोभित है। यही नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। अपने पूर्वजन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थीं। तब इनका नाम 'सती' था। इनका विवाह भगवान शंकरजी से हुआ था। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक बहुत बड़ा यज्ञ किया। इसमें उन्होंने सारे देवताओं कों अपना–अपना यज्ञ भाग प्राप्त करने के लिए निमन्त्रित किया। किन्तु शंकरजी को उन्होंने इस यज्ञ में निमन्त्रित नहीं किया। सती ने जब सुना कि हमारे पिता एक अत्यन्त विशाल यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे हैं, तब वहां जाने के लिए उनका मन विकल हो उठा। अपनी यह इच्छा उन्होंने शंकर जी को बतायी। सारी बातों पर विचार करने के बाद उन्होंने कहा – "प्रजापति दक्ष किसी कारणवश हमसे रूष्ट हैं। अपने यज्